हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 29 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 30.8 डिग्री
न्यूनतम 18.2 डिग्री

पौधारोपण सिर्फ फोटो खींचने के लिए नहीं :महापौर 12


आंध स्कूल के सामने 25 साल से नहीं बनी सड़क, शिकायत 14




2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

# पुलिस लगातार मार रही स्पा सेंटर्स में छापा, निगम कह रहा उनके पास डेटा ही नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई में स्पा सेंटर्स की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। स्पा की आड़ में कई संचालक काम करने वाले लड़कियों से गंदा काम तक करवा रहे हैं।

इस जिस्मफरोशी की इस अवैध लाइसेंसी दुकान पर ताला लगाने के लिए दुर्ग पुलिस लगातार छापेमार कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने दो महीने के अंदर एक दर्जन से अधिक स्पा सेंटर्स में छापा मारा है और 6 से अधिक में गंदा काम होता पाया है। इस सब के बीच इन स्पा सेंटर्स को दुकान खोलने का लाइसेंस जारी करने वाली निगम यह नहीं जान रहा है कि उसके क्षेत्र में कितने स्पा चल रहे हैं।

## स्पा सेंटर की आड़ में चल रहा देह व्यापार

### शहर में 9 स्पा चल रहे, 4 अवैध

भिलाई नगर निगम में गुमास्ता लाइसेंस जारी करने वाले स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली से जब इसके बारे में जानकारी मांगी गई तो उन्होंने कहा कि उनके एरिया में केवल 9 स्पा सेंटर संचालित हैं। इनमें से 4 में अवैध कृत्य पाए जाने और पुलिस की कार्रवाई के बाद उन्होंने उनका लाइसेंस रद्द कर दिया है। जब उनसे कहा गया कि पूरे भिलाई नगर निगम क्षेत्र में 20 से अधिक स्पा संचालित हैं। ऐसे में वो लाइसेंस और गैर लाइसेंस वाले स्पा सेंटर की जानकारी दें। या फिर उन स्पा की जानकारी दें, जिनके आवेदन उनके पास लंबित हैं और उन्होंने लाइसेंस जारी नहीं होने से पहले ही दुकान खोल ली हो।

### लिए जा रहे आनलाइन आवेदन

इस पर जावेद अली ने कहा कि गुमास्ता लाइसेंस लेने के लिए उनके पास कोई स्पा संचालक आवेदन करने नहीं आता है। वो लोग आनलाइन आवेदन करते हैं। निगम के ऑनलाइन डेटा को कंट्रोल करने वाली एजेंसी उन्हें ये पावर ही नहीं दे रखी है कि उनके पास सभी स्पा सेंटर्स का डेटा हो। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें जानकारी लेनी होगी उसके लिए राज्य स्तर पर चिप्स के अधिकारियों से बात करना होगा। नहीं तो अपने कर्मचारी लगाकर शहर में सभी स्पा सेंटर्स भेजकर लाइसेंस की जांच करवानी होगी।



### इन स्पा सेंटर्स को निगम ने किया बंद

| | |
|---|---|
| सेंस स्पा एंड सेलून ब्यूटी | सूर्या मॉल जुनवानी |
| ब्लू एलासा स्पा एंड सेलून ब्यूटी | सूर्या मॉल जुनवानी |
| अगम ब्यूटी एंड स्पा सेंटर | सूर्या मॉल जुनवानी |
| एलोरा स्पा सेंटर | सूर्या मॉल जुनवानी |

### निगम के अनुसार ये 9 स्पा सेंटर लिए थे लाइसेंस

| स्पा सेंटर का नाम | स्थान |
|---|---|
| सन्नी स्पा | सूर्या मॉल जुनवानी |
| एल 16 स्पा एंड सेलून | विवेकानंद नगर कोहका |
| सेंस स्पा एंड सेलून ब्यूटी | सूर्या मॉल जुनवानी |
| ब्लू एलासा स्पा एंड सेलून ब्यूटी | सूर्या मॉल जुनवानी |
| अगम ब्यूटी एंड स्पा सेंटर | सूर्या मॉल जुनवानी |
| एलोरा स्पा सेंटर | सूर्या मॉल जुनवानी |
| एसआर सेलोन एंड स्पा सेंटर | जुनवानी रोड स्मृति नगर |
| न्यू एलोरा स्पा | सूर्या मॉल जुनवानी |
| इलाइट स्पा एंड सेलून | चौहान स्टेट जीई रोड भिलाई |
| द ड्रीम केयर स्पा ऑफ यूनिसेक्स सेलून स्पा | जुनवानी रोड कोहका |

## खबर संक्षेप

### लूटपाट करने वाले तीन पुलिस गिरफ्त में



**भिलाई।** लूटपाट करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि एसीसी लेबर कैम्प जामुल निवासी श्रीकांत उर्फ संतू तेलगू 27 जुलाई की दोपहर जामुल शराब भट्टी गया था। भीड़ में घासीदास नगर जामुल निवासी अजय यादव ने पीड़ित को धक्का देकर जेब से 4500 रूपये लूट कर फरार हो गया। रकम वापस मांगने पर पीड़ित को अजय यादव, ब्रिजेश कुमार सिंह उर्फ मंटू, मनोज राम तीनो ने मिलकर जमकर मारपीट कर मोबाईल भी लूट लिया। । शिकायत पर पुलिस ने अपराध कायम कर आरोपियों की तलाश में जुटी रही। जामुल पुलिस की सूचना पर संदेही अजय यादव को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर बताया कि ब्रिजेश कुमार सिंह, मनोज के साथ मिलकर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया है। आरोपियों से पुलिस ने लूट की रकम, मोबाईल जब्त किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी जामुल राजेश मिश्रा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### अड्डेबाजी करने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई



**भिलाई।** अड्डेबाजी करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर पुलिस ने कार्रवाई किया है। 27 जुलाई को दुर्ग जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सार्वजनिक जगह पर शराब का सेवन करने वाले, अवैध रूप से शराब बेचने, अड्डेबाजी पर पुलिस ने शिकंजा कसा है। मुखविर की सूचना पर पुरानी भिलाई क्षेत्र मे शेषनारायण वर्मा द्वारा पान ठेला के पास सोमनी में, चौकी जेवरा सिरसा करंजा भिलाई चांदनी चौक के पास खिलेश्वर वर्मा, कमल नारायण निषाद ,सपेला संजय नगर राकेश वर्मा, वैशाली नगर जवाहर नगर में चंद्रकला, स्टील नगर में एम. जगदीश को अवैध शराब बेचते पाया गया। सार्वजनिक जगहों पर अड्डेबाजी, शराब का सेवन करते पाये जाने पर विभिन्न थाना, चौकी में कुल 55 प्रकरण दर्ज कर 55 लोगों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## आइलैंड, बोटिंग, गार्डनिंग सब उजाड़, बनाया गया चंद्रयान धूल खा रहा, साइकिल ट्रैक भी अधूरा

# 14 करोड़ में संवरा ठगड़ा बांध पानी को तरस रहा हर तरफ सिर्फ जलकुंभी, कबाड़ हो गई सुंदरता

अतुल अग्रवाल ⏭दुर्ग

*शहर की सुंदरता में चार चांद लगाने के उद्देश्य से ठगड़ा बांध में 14 करोड़ की लागत से किया गया सौंदर्यीकरण बेजान हो चली है। आइलैंड में पहुंचना अब आसान नहीं है, गार्डनिंग उजाड़ हो गई है। बनाया गया चंद्रयान धूल खा रहा है। पार्किंग स्थल कीचड़ से सनी है। इतना ही नहीं साइकिल ट्रैक का निर्माण अधूरा है। ठगड़ा बांध में बारिश के दिनों में ही पानी नहीं है। बांध में जलकुंभी का बसेरा है। इस प्रकार शहरवासियों को सैर-सपाटे के लिए बेहतर विकल्प देने की निगम की योजना की हवा निकल गई है।*

बता दें कि वर्ष तत्कालीन महापौर चंद्रिका चंद्राकर के कार्यकाल में बनी इस योजना में करीब 14 करोड़ रुपए खर्च किया जाना था। इतनी राशि खर्चने के बाद भी ठगड़ा बांध में वे सुविधा नहीं नहीं पाई, जिसका वायदा शहर सरकार ने किया था। पिछले करीब 7 साल से इस योजना पर काम कर चल रहा है।

चंद्रिका चंद्राकर के बाद कांग्रेस महापौर धीरज बाकलीवाल रहे, फिर वर्तमान महापौर अलका बाघमार ने जिम्मेदारी उठाई। बावजूद व्यवस्था में सुधार नहीं हो पाया है। शहर के मध्य में स्थित ठगड़ा बांध के सौंदर्यीकरण ठगड़ा बांध की 50 एकड़ की जगह को चिन्हित किया गया। सिंचाई विभाग से जगह में सौंदर्यीकरण को लेकर अनापत्ति ली गई, लेकिन इसका समुचित उपयोग आज पर्यन्त नहीं हो पाया है। बता दें कि निगम ने ठगड़ा बांध का सौंदर्यीकरण कार्य एजेंसी ओम एसोसिएट्स से कराया। बाद में इसके संचालन के लिए दूसरे को दे दिया। वर्तमान में यह ठगड़ा बांध शहर सरकार की लापरवाही और निगम अफसरों के भ्रष्टाचार को उजागर कर रहा है।

हरिभूमि एक्सक्लूसिव





### राज्य शासन से मंजूरी के बाद होने थे ये काम

जानकारी के मुताबिक वर्ष 2019-20 में ठगड़ा बांध के सौंदर्यीकरण के लिए अलग-अलग मद से करीब 14 करोड़ रुपए की स्वीकृति ली गई। योजना के तहत सबसे पहले ठगड़ा बांध के गहरीकरण किया जाना था। इसके बाद बच्चों के लिए प्ले एरिया, गार्डन, मल्टीपर्पस हाल, वॉटर व्यू, मैरिज पैलेस, बोटिंग, बीच में दो आइलैंड प्लान किया गया। एक बड़ा आइलैंड और दूसरा छोटा आइलैंड बनना था। इस स्वीकृति में लगातार संशोधन भी हुए। इसके लिए राज्य शासन ने दिए 8.13 करोड़ रुपए सौंदर्यीकरण व गहरीकरण के लिए उपलब्ध कराए। इसके अलावा 4 करोड़ रुपए निगम व करीब डेढ़ करोड़ रुपए डीएमएफ से जुटाए गए। बावजूद उक्त स्वीकृत राशि की लेटलतीफी से काम अटकते रहा।

### 2 करोड़ का प्रोजेक्ट शासकीय लापरवाही से हो गया 14 करोड़

जानकारी के मुताबिक ठगड़ा बांध के लिए पहली योजना करीब 2 करोड़ रुपए की बनी थी। बीजेपी की तत्कालीन शहर सरकार ने करीब 2 करोड़ रुपए का प्लान तैयार किया था। इसमें योग सेंटर, मार्निंग वॉक जोन, बोटिंग, पाथवे, घाट निर्माण, गार्डनिंग सहित अन्य कार्य प्रस्तावित किए गए। राज्यसभा सांसद मोतीलाल वोरा व विधायक अरुण वोरा की निधि से कुछ कार्य भी कराए गए। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने भी अपने कार्यकाल के दौरान निरीक्षण कर इसे पर्यटन क्षेत्र बनाने निर्देशित किया था। 9 माह में काम होगा पूरा होना था, लेकिन काम अटकते रहा। बाद में वित्त आयोग, डीएमएफ सहित अन्य मदों से करीब 14 करोड़ में ठगड़ा बांध के सौंदर्यीकरण की योजना तैयार कर इसकी स्वीकृति ली गई।

### भाजपा के सत्ता में आते ही उजड़ने लगा ठगड़ा बांध, अनदेखी से ऐसी हालत

भाजपा जब से दुर्ग निगम की शहर सरकार में काबिज हुई है, तब से अनदेखी का दौर शुरू हो गया है। मरोदा, तालपुरी की तरफ से आने वाला बारिश का पानी वर्टिकल गार्डन बनने के बाद रुक गया है। पानी के कोई इंतजाम नहीं है। रखरखाव का अभाव है। इस कारण जलकुंभी उग आए हैं। साइकिल ट्रैक अधूरा है। चंद्रयान धूल खा रहा है। बाकी उपकरण भी खराब हो रहे हैं। अब गेमिंग के नाम पर बाहर के लोगों को रखा गया है, ताकि ठगड़ा बांध में लोगों की आवाजाही बनी रहे।

-राजेश शर्मा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर निगम दुर्ग

### थर्ड पार्टी से अनुबंध, सिंचाई विभाग से हो रही बातचीत

ठगड़ा बांध में पानी को लेकर समस्या तो है, इसे लेकर सिंचाई विभाग से बात की जा रही है। पास ही एक तालाब है, वहां से पानी लाने की तैयारी है। ठगड़ा बांध ऑपरेट करने के लिए थर्ड पार्टी से अनुबंध किया गया है। यदि किसी प्रकार की दिक्कत है, तो एजेंसी से बात की जाएगी। जल्द ही ठगड़ाबांध में पानी पहुंचा लिया जाएगा।

-सुमित अग्रवाल, आयुक्त नगर निगम दुर्ग

## बैंक प्रबंधन के खिलाफ जुर्म दर्ज

# बैंक ऑफ बड़ौदा से 50 लाख के जेवरात पार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

सिविक सेंटर स्थित बैंक ऑफ बडौदा के लॉकर से 50 लाख के जेवरात पार करने के मामले में पुलिस ने बैंक प्रबंधन के खिलाफ पुलिस ने जुर्म जर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर-5 निवासी दरोगा सिंह को बैंक ने 1991 से लॉकर न 697 आवंटित किया था। लॉकर में अपने परिवार का 40 तोला सोना, तीन अलग अलग पोटलियां बनाकर रखी गई थी। लॉकर रूम में सीपेज के कारण लॉकर खोलने में परेशानी होना बताया था। इसकी शिकायत बैंक प्रबंधन से किया था। लॉकर की देखरेख करने वाली अनिता कोरेटी एक अस्थाई लॉकर नंबर 547 दिया। इस दौरान पुराना लॉकर ठीक करने के लिए चाबी अपने पास रख लिया।

दरोगा सिंह के मुताबिक 17 जनवरी 2025 को अनिता कोरेटी ने फोन पर बताया कि पुराने लॉकर का सामान अस्थाई लॉकर में रख दिया गया है। पुराना लॉकर ठीक होने के बाद फिर से उसे दे दिया जाएगा। 22 अप्रैल 2025 को जब लॉकर खोला गया तो उसमें से दो पोटली में रखे गए जेवरता गायब मिले। लॉकर में केवल एक पोटली जो उसकी बहु की थी। दारोगा सिंह ने लॉकर का संचालन वे स्वयं करते है। पत्नी श्यामा सिंह भी जाती है। उनकी बेटी अराधना सिंह ने कभी भी लॉकर नहीं खोला। जांच के बाद पुलिस ने बैंक प्रबंधन को लापरवाही ठहराते हुए अपराध कायम किया है।

## गांजा बेचने वाले दो गिरफ्तार, भेजा जेल

**भिलाई।** अवैध रुप से गांजा बेचने वाले दो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि अहिवारा रेल्वे कॉलोनी और ग्राम ओखरा नंदनी नगर से गांजा छिपाकर रखने वाले रेल्वे कॉलोनी अहिवारा निवासी मेरी जॉर्ज , अखोरा नंदनी पोप चंद मारकण्डे को पकड़ा गया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने सफेद रंग की पॉलीथीन में पेपर कागज में 9 पुड़िया वजनी 1.107 किलोग्राम 12 हजार रुपए का बिक्री रकम 1,470 जब्त किया। इसके अलावा एक सफेद छीटदार थैला से वजनी 0.489 किग्रा गांजा, बिना थैला के 0.467 किलाग्राम 6 हजार का, बिक्री रकम 1,100 रूपये जब्त किया गया। कार्रवाई में नंदिनी पुलिस थाना की टीम का योगदान रहा है।

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री
916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

## पुरी बीच में डूबने से भिलाई के युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



- नहाते समय समुद्र की लहरों की चपेट में आया, दोस्तों के साथ गया था घूमने

दोस्तों के साथ घूमने पुरी ओडिशा गए युवक की समुद्र में डूबने से मौत होने का मामला सामने आया है। घटना 27 जुलाई की है। मिली जानकारी के मुताबिक रुआबांधा रिसाली वार्ड 3 निवासी मुकेश गुप्ता पुरी भगवान जगन्नाथ का दर्शन के लिए गया था। 27 जुलाई को मुकेश गुप्ता अपने साथियों के साथ पहुंचा। भगवान के दर्शनों के बाद वह पुरी बीच पर समुद्र में नहाने पहुंचा। अचानक समुद्र के तेज लहर ने उसे भीतर खींच लिया। डूबने से मुकेश गुप्ता की मौत हो गई है। लोगों ने किसी तरह समुद्र से उसके शव को बाहर निकाला। मृतक युवक प्राइवेट काम करता था घटना की सूचना परिजनों ने उसके दोस्तों ने बताई है। गौरतलब हो कि बारिश के दौरान इस तरह के कई हादसे होते रहते है। भिलाई-दुर्ग में भी हाल ही में इस तरह कई हादसे देखने को मिला।

## 1 और 2 अगस्त को बंद रहेंगे डाकघर

**दुर्ग।** जिले के समस्त डाकघर में 4 अगस्त से 2.0 टेक्नोलॉजी लागू होने जा रहा है। भारत सरकार एवं डाक विभाग छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल के दिशानिर्देश अनुसार भविष्य के एपीटी एप्लिकेशन के रोल आउट की घोषणा की गई है। आईटी 2.0 रोल आउट प्रक्रिया ग्राहकों को बेहतर सुविधा देने जा रहा है। इस डिजिटल प्लेटफार्म को शुरू करने के लिए डाउन टाईम निर्धारित किया गया है। इसके कारण 30 जुलाई से 2 अगस्त तक सभी प्रधान, उप डाकघर में 1 और 2 अगस्त को लेनदेन प्रभावित रहेगा। डाक से जुड़े सारे काम प्रभावित रहेंगे। डाक सेवाओं का यह अस्थाई निलंबन डाटा माइग्रेशन, सिस्टम सत्यापन और अन्य प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बनाने के लिए किया जा रहा है। एपीटी एप्लीकेशन को बेहतर एवं उपयोगी बनाने के लिए यह शटडाउन लिया जा रहा है।

## दूतावास से जुड़ा मामला

## बिल्डर मनोज राजपूत के पासपोर्ट मामले में अब पुलिस अफसरों पर शिकंजा

# फर्जी पासपोर्ट मामले में कैसे मिली एनओसी, जिम्मेदार कौन?

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

फर्जी दस्तावेज पेश कर पासपोर्ट बनाए जाने के मामले में सुपेला पुलिस ने बिल्डर और फिल्म अभिनेता मनोज राजपूत पर अपराध दर्ज किया है। अब इस मामले में एसएसपी विजय अग्रवाल ने तत्कालीन थाना प्रभारी और अन्य जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों के खिलाफ जांच के निर्देश दिए हैं। जांच की जिम्मेदारी भिलाई नगर क्षेत्र के सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी को सौंपी गई है।

जांच के बिंदु भी तय कर लिए गए हैं। उनके द्वारा यह पता लगाया जाएगा कि आखिर किस आधार पर तत्कालीन थाना प्रभारी और जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों की जानकारी के एनओसी जारी की गई। क्या इसमें पुलिस अधिकारी दोषी हैं।एसएसपी ने जल्द से जल्द जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा है। बता दें कि फर्जी पासपोर्ट के मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है, लेकिन मामले में अब तक आरोपी मनोज राजपूत की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है, जबकि उनके विरुद्ध जिले के कई अन्य थानों में पहले से अपराध दर्ज हैं। साथ ही कोर्ट में मामले विचाराधीन हैं।

## सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी करेंगे जांच


जमीन कारोबारी पर दर्ज हैं 12 अपराध, पासपोर्ट बनाने फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मामले में भी एफआईआर


### जांच के दिए निर्देश



पासपोर्ट मामले में जांच के लिए टीम बनाई गई है। जांच अधिकारी सीएसपी भिलाई नगर को बनाया गया है। जांच के बाद जो तथ्य सामने आएंगे, उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-विजय अग्रवाल, एसएसपी दुर्ग

### दस्तावेज मंगाए गए



जांच के लिए दस्तावेज मंगाए गए हैं। परीक्षण के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में जांच शुरू कर दी गई है। जल्द ही रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को सौंप दी जाएगी।

-सत्यप्रकाश तिवारी, जांच अधिकारी

### पहले का मामला



मैं उस समय थाने का प्रभारी नहीं था, मेरे आने के पहले का मामला है। मुझे इस बारे में जानकारी नहीं है।

-राजेश मिश्रा, टीआई

### मामला संवेदनशील सीधे दूतावास से जुड़ा

गलत तरीके से पासपोर्ट बनाए जाने का यह मामला काफी संवेदनशील है। सीधे राष्ट्रीय दूतावास से जुड़ा हुआ है। पुलिस के गलत वेरिफिकेशन से जारी हुए पासपोर्ट को लेकर अब पुलिस आगे की कार्रवाई की तैयारी में है। पार्सपोर्ट ऑफिस में सही जानकारी भेजकर पासपोर्ट निरस्त करने की तैयारी चल रही है। बता दें कि एफआईआर के बाद पासपोर्ट के लिए एनओसी प्रक्रिया की जांच होगी। जांच अधिकारी सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी के मुताबिक मनोज राजपूत ने गलत जानकारी दी। उसके खिलाफ पुलिस ने अपराध कायम किया है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
BHILAI | DHANORA
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
REGISTRATION OPEN
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### 9 महीने से नहीं कराया पीएफ जमा, धरने पर मजदूर, आज भी प्रदर्शन

दुर्ग। सोमवार को एसीसी सीमेंट प्लांट अदाणी समूह जामुल में काम करने वाले मजदूरों ने धरना शुरू कर दिया है। उनका आरोप है कि ठेकेदार ने उनका 9 माह का पीएफ जमा नहीं कराया गया। इस वजह से उन्होंने गेट को जाम कर दिया है। उन्होंने बताया कि प्रायः सभी ठेकेदारों के अंतर्गत कार्यरत मजदूर सबेरे 8 बजे जनरल शिफ्ट में काम में पहुंचते हैं। सोमवार की सुबह पीएफ को लेकर चल रही चर्चा के बाद निर्णय नहीं होने पर गेट को जाम कर दिया गया। एसीसी सीमेंट प्लांट का संचालन अदाणी समूह द्वारा किया जा रहा है। मजदूर नाराज होकर बोगदा पुल के पास धरने पर बैठ गए हैं। उन्होंने मामले में निर्णय नहीं होने पर और भी उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

### सब्जी उत्पादन और विक्रय से बदली किस्मत

दुर्ग। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण



आजीविका मिशन "बिहान" के माध्यम से आत्मनिर्भरता की मिसाल बनी केतकी बाई पटेल आज "लखपति दीदी" के नाम से जानी जाती हैं। जनपद पंचायत दुर्ग के आमटी ग्राम की निवासी और प्रगति महिला स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष केतकी दीदी ने सब्जी उत्पादन और विक्रय से अपनी मेहनत और निश्चय के बल पर आर्थिक समृद्धि हासिल की है। शुरुआत में संघर्ष करना पड़ा, फिर समूह से उनको सहारा मिला। समूह से जुड़ने से पहले दीदी के पास संसाधनों की कमी थी। सब्जी उत्पादन की इच्छा होते हुए भी आर्थिक तंगी के कारण वे इसे बड़े स्तर पर नहीं कर पा रही थीं। जब उन्हें बिहान योजना की जानकारी मिली, तो उन्होंने स्वयं पहल कर महिला साथियों के साथ स्व-सहायता समूह का गठन किया। छोटी-छोटी बचत करके अपने समूह को सशक्त बनाई। उसके उपरांत उन्होंने बैंक लिंकेज के माध्यम से 30 हजार का लोन लिया और सब्जी उत्पादन का कार्य प्रारंभ किया।

# शहर में पीओपी मूर्तियों पर प्रतिबंध, सिर्फ मिट्टी के गणेश ही होंगे विराजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आगामी गणेश उत्सव को देखते हुए नगर पालिक निगम एवं जिला प्रशासन ने शहर में पीओपी प्लास्टर ऑफ पेरिस से निर्मित मूर्तियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। यह निर्णय पर्यावरण संरक्षण और जल स्त्रोतों की स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। आदेश के अनुसार, अब नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत सभी घरों, कार्यालयों और सार्वजनिक पंडालों में केवल मिट्टी से बनी गणेश मूर्तियाँ ही स्थापित की जा सकेंगी। महापौर श्रीमती अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल ने मूर्ति विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि वे केवल मिट्टी से निर्मित गणेश मूर्तियाँ ही विक्रय के लिए रखने विक्रेताओं से कहा। पीओपी से बनी मूर्तियाँ न केवल जल स्त्रोतों को प्रदूषित करती हैं, बल्कि इनके डिस्पोज होने में भी लंबा समय लगता है जिससे जल जीवों और पर्यावरण को गंभीर नुकसान होता है।पीओपी मूर्तियों की जानकारी मिलने पर नगर निगम को सूचित करें, मूर्ति विसर्जन के लिए नगर निगम द्वारा निर्धारित स्थानों का ही उपयोग करें। यह कदम न सिर्फ पर्यावरण के हित में है, बल्कि भावी पीढ़ियों को एक स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण देने की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान है। नगर निगम ने सभी धार्मिक समितियों, गणेश उत्सव मंडलों और गणेश मूर्ति विक्रेताओं से भी सहयोग की अपेक्षा की है।

## पीओपी मूर्ति बेचने पर होगी कड़ी कार्रवाई और जुर्माना, विक्रेताओं को जारी की चेतावनी

### मिट्टी से बनी मूर्तियां ही खरीदें

महापौर अलका बाघमार ने कहा नगर निगम का यह प्रयास शहर को स्वच्छ और हरित बनाए रखने की दिशा में एक बड़ा कदम है। पीओपी मूर्तियाँ हमारे तालाबों और नदियों को दूषित करती हैं। हम सभी को मिलकर इस पहल में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे मिट्टी से बनी गणेश मूर्तियाँ ही खरीदें और इस बार एक पर्यावरण-अनुकूल गणेश उत्सव मनाएं।



### होगी कड़ी कार्रवाई, जुर्माना भी

नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा निगम द्वारा लगातार निगरानी की जाएगी। यदि किसी विक्रेता या आयोजक को पीओपी मूर्तियाँ बेचते या स्थापित करते पाया गया, तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी और जुर्माना भी वसूला जाएगा। निगम की टीम बाजारों और मूर्ति विक्रय स्थलों पर नियमित निरीक्षण करेगी। उन्होंने यह भी बताया कि नगर निगम द्वारा शहर के प्रमुख चौक, बाजारों और वार्डों में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, ताकि आम नागरिकों को पीओपी मूर्तियों के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी जा सके और वे मिट्टी की मूर्तियाँ अपनाने के लिए प्रेरित हों।

## मनी लॉन्ड्रिंग व बड़े अपराध में संलिप्तता बता लगातार 7 दिन तक करते रहे परेशान

# डिजिटल अरेस्टः सीबीआई का अफसर बताकर साढ़े 12 लाख ठगे, 2 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

ट्विनसिटी में डिजिटल अरेस्ट के मामले में लगातार बढ़ते जा रहे हैं। सोमवार को एक और मामला सामने आया, जिसमें सेक्टर-7 निवासी शोभा झा को 7 दिनों तक आरोपी ब्लैकमेल करते रहे। आरोपियों ने अपने आपको सीबीआई और क्राइम ब्रांच का अफसर बताया। इसके बाद मनी लॉन्ड्रिग और बड़े अपराध में संलिप्तता बताते हुए साढ़े 12 लाख रुपए ठग लिए।

आरोपियों ने लगातार दबाव बनाया और डराने का प्रयास किया। परेशान होकर महिला ने इसकी शिकायत पुलिस से की। इसके बाद पुलिस ने पूरे मामले में जांच कर दो आरोपियों को फतेहपुर यूपी से गिरफ्तार किया। आरोपियों में शहबाज उर्फ फैजल अहमद मवाना मेरठ और अनस खान सिविल लाईन फतेहपुर शामिल हैं। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। बहरहाल इस पूरे मामले में पुलिस की जांच जारी है। बता दें कि इस मामले में आरोपियं ने फर्जी कॉल सेंटर में आधुनिक मशीन कॉल कन्वर्टर के माध्यम से अपनी पहचान छिपाने का प्रयास किया, लेकिन वे पकड़े गए। आरोपियों के कब्जे से 3 कॉल कन्वर्टर मशीन, 01 लैपटॉप, 105 सीम, 05 मोबाइल जब्त किया गया है। इस पूरे मामले में जांच भिलाई नगर पुलिस और साइबर सेल ने मिलकर की।

## एएसपी सिटी सुखनंदन राठौर ने पूरे मामले का किया खुलासा



### फतेहपुर से सिम खरीदने की मिली जानकारी, पकड़े गए आरोपी

पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान मोबाईल नंबर का पता चला। उक्त सीम फतेहपुर का होने की जानकारी मिली। इसके अलावा बैंक खातों की जानकारी लेकर तकनीकी विश्लेषण किया गया। पता चला कि संदिग्ध गतिविधि और ठगी के लिए सीम का इस्तेमाल किया गया। सीम कलेक्ट कर अनावेदक फैजल को उपलब्ध कराना पाया गया। फैजल द्वारा फतेहपुर में किराये के मकान में कॉल कन्वर्टर मशीन एवं आधुनिक सॉफ्टवेयर के माध्यम से एक समय में लगभग 90 से 100 सीम का उपयोग करने का खुलासा हुआ। आरोपी सॉफ्टवेयर का उपयोग पहचान छिपाने के लिए कर रहा था। जानकारी के बाद आरोपी पकड़े गए।

### 1 जुलाई को पहली बार आया फोन, इसके बाद से धमकाते रहे आरोपी, 3 कॉल कन्वर्टर भी जब्त

पुलिस ने बतायाकि मामले में शोभा झा को पहली बार फोन 1 जुलाई को अज्ञात नंबर से आया। आरोपियों ने अपने आप को सीबीआई और काईम ब्रांच कोलावा का अधिकारी बताया। साइबर ठग ने शोभा को धमकी दी कि आप किसी बड़े अपराध में संलिप्त हैं। आपने मनी लॉन्ड्रिग, पैसों की ठगी आदि अपराध कारित किए हैं। इसमें आपके विरुद्ध आईपीसी की धारा 198, 223, 420 का अपराध दर्ज है। 5 दिन तक आवास पर ही डिजिटल अरेस्ट कर रखा रहा। जेल भेजने की धमकी दी गई।इसके डर कर आवेदिका ने अपनी जमा पूंजी एवं अपने गहनों को मुथूट फायनेंस में गिरवी रखकर अपने पेंशन खाते में रकम एकत्र किया। आपरोपियों द्वारा बताये गये बैंक खातों में आरटीजीएस के माध्यम से 12,50,000 रुपए ट्रांसफर किया।घटना की सूचना प्राप्त होने पर मामले को गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की गई। इसके बाद आरोपी पकड़े गए।



## स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण : अब तक 30 हजार नागरिकों ने दिया फीडबैक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 का आयोजन पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, भारत सरकार द्वारा किया जा रहा है। सर्वेक्षण कार्य के लिए केंद्र सरकार ने एकेडमी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, एएमएस लखनऊ को स्वतंत्र एजेंसी के रूप में चयनित किया है, जो अगस्त माह से दुर्ग जिले में फील्ड सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ करेगी।

■ सर्वेक्षण के लिए स्वतंत्र एजेंसी चयनित किया गया

इस राष्ट्रीय सर्वेक्षण के तहत ग्राम पंचायतों में स्वच्छता और साफ-सफाई का मूल्यांकन कर रैंकिंग तय की जाएगी, जो न केवल जिले की बल्कि राज्य और देश की रैंकिंग को भी प्रभावित करेगी। इसी क्रम में जिला प्रशासन द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जा रहा है ताकि आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित हो सके और जिले को बेहतर रैंक प्राप्त हो।

### फीडबैक में जनता की भागीदारी

स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत अब तक जिले में लगभग 30 हजार नागरिक फीडबैक दर्ज किए जा चुके हैं। इसमें जनपद पंचायत धमधा ने सबसे अधिक 13 हजार फीडबैक, पाटन से 10 हजार और दुर्ग जनपद से 7 हजार फीडबैक शामिल हैं। फीड बैक स्वच्छाग्रही, स्वच्छता समूह और बिहान योजना से जुड़ी महिलाओं के सहयोग से एकत्रित किए जा रहे हैं।




### दीवार लेखन के माध्यम से जागरुकता

कलेक्टर अभिजीत सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे के मार्गदर्शन में जिले की सभी ग्राम पंचायतों के पंचायत भवनों, स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, सामुदायिक शौचालयों एवं अन्य सार्वजनिक भवनों में एसएसजी-2025 का लोगो एवं स्वच्छता संदेशों का दीवार लेखन कार्य पूर्ण कर लिया गया है। प्रत्येक पंचायत में 5 से 10 प्रकार के दीवार लेखन कराए गए हैं।

### मोबाइल के माध्यम से ग्रामीण दे रहे फीडबैक

ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायकों के सहयोग से ग्रामीणों को मोबाइल के माध्यम से फीडबैक देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने 30 जुलाई तक अधिकतम फीडबैक प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जिले के सभी विभागों के ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत मैदानी अमलों को अधिक से अधिक फीडबैक करवाने के लिए निर्देशित किया गया है।

**मृतक के परिजन को मिली 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता :** दुर्ग। कलेक्टर ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। ग्राम करेला डीही तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी खेमलाल कश्यप की विगत 5 सितंबर 2024 को तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई थी। शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व. खेमलाल की पत्नी विजयलक्ष्मी कश्यप को 4 लाख की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## आप आने वाले समय में नए सदस्यों को देगा बड़ी जिम्मेदारी, कार्यकर्ता रहें तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

आम आदमी पार्टी ने आगामी निकाय चुनाव को देखते हुए तैयारी शुरू कर दी है। आप के नेताओं की मानें तो भिलाई निकाय चुनाव में पार्टी सभी 70 वार्डों में चुनाव लड़ेगी। इतना ही नहीं रिसाली, भिलाई-चरोदा और जामुल पालिका में भी पार्टी अपना उम्मीदवार उतारेगी। इस बार पूरी ताकत के साथ वार्डों में चुनाव लड़ा जाएगा। इसे लेकर तैयारी तेज कर दी है। नए सदस्य बनाए जाने के लिए अभियान शुरू कर दिया गया है। साथ ही घोषणा की गई कि नए सदस्यों को बड़ी जिम्मेदारी देकर मैदान में उतारा जाएगा।प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने बताया कि अब तक 14 जिलों की बैठक हो चुकी है।

■ जिला और बूथ स्तर पर मजबूत संगठन बनाएगी आप

आगामी एक सप्ताह में सभी जिलों में जिला स्तरीय मीटिंग पूरी हो जाएगी।पश्चात जोनस्तरीय सम्मेलन रखा जाएगा। प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा कि दुर्ग जिले का कार्यकर्ता सम्मेलन सुपेला में हुआ। जिले के कोने-कोने से सैकड़ों कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे। उन्होंने अपने विचार से पार्टी के नेताओं को अवगत कराया। सम्मेलन में प्रदेशभारी, सहप्रभारी और प्रदेश के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।



### प्रदेश को बांटा गया 7 जोन में, जिम्मेदारी तय

राष्ट्रीय संगठन महामंत्री, राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक और दिल्ली के सुल्तानपुर विधायक मुकेश अहलावत के निर्देश पर राज्य में पार्टी विस्तार और मजबूत संगठन के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। पार्टी ने पहले ही प्रदेश में 7 जोन बनाकर प्रदेश के पदाधिकारियों को पर्यवेक्षक, समन्वयक नियुक्त कर दिए हैं। संगठन महामंत्री संजीत विश्वकर्मा ने कहा कि पार्टी जल्द ही नए सदस्यों को जोड़ने के लिए व्यापक अभियान चलाने की प्रक्रिया जारी है। जिला, ब्लॉक स्तर, प्रत्येक वार्ड, पंचायत और बूथ स्तर पर संगठन की टीम तैयार की जा रही है।

## गुड पैरेटिंग पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन

जिला महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अन्तर्गत प्रेरणा सभाकक्ष मबावि परिसर जिला दुर्ग में गुड पैरेन्टिंग पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में पैरेन्टिंग एक्सपर्ट हरिश साहू, एनवीएस नलिनी, कृष्ण कुमार साहू, एवं गौरीकाता साहू द्वारा चेतना विकास पर मूल्य शिक्षा व पालकों द्वारा बच्चों की सही परवरिश की जानकारी दी गई एवं उनको मोबाइल से दूर रहने तथा अपने माता-पिता के प्रति कृतज्ञ बनने संबंधी चर्चा की गई। समाज में हमारा एक-दूसरे के प्रति संबोधन कैसा हो जैसे- माता-पिता, भाई, अध्यापिका जैसे मधुर संबोधन की ओर प्रेरित किया।

■ बच्चों की मोबाइल के लत की समस्या का बताया समाधान

अपने अच्छे काम, अच्छी सोच अच्छी बात की जानकारी दिए जाने एवं डीप स्लीप की थ्योरी जिसमें रात्रि 8 से 12 बजे की निद्रा, 01 घण्टे की निदा 2 घण्टे को प्रावर होती है की जानकारी दी गई। श्री कृष्ण कुमार साहू द्वारा गीत के माध्यम से जीवन जीने की कला, अपनी उपयोगिता को विकसित करने एवं जीवन को संघर्ष नहीं अपितु उत्सव समझने की प्रेरणा दी गई। अजय साहू द्वारा बच्चों की मोबाईल की लत से दूर रहने का समाधान बताया गया।

## पौधारोपण सिर्फ फोटो खींचने के लिए नहीं :महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं शहर को प्रदूषण मुक्त व हरा-भरा करने नगर निगम के अलावा अन्य संस्थाओं द्वारा भी शहर में वृक्षारोपण किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को पुलिस लाइन वार्ड क्रमांक 48 के मैदान में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में मेयर अलका बाघमार ने पौधरोपण किया। इस दौरान मेयर ने मौजूद लोगो से कहाँ कि पौधरोपण सिर्फ फोटो खींचने के लिए न हो बल्कि वृक्षारोपण के बाद पेड़ की सेवा देकर उसे बड़ा भी करें।

■ पर्यवारण संरक्षण के लिए पौधारोपण एक सार्थक पहल

मेयर अलका बाघमार के साथ पार्षद लोकेश्वरी ठाकुर के अलावा बड़ी संख्या मे वार्डवासियो ने वार्ड 48 के मैदान मे नीम, बादाम, गुलमोहर, अमलताश, मौलश्री प्रजाति के पौधे लगाए।महापौर ने कहा कि आज शहर को विकसित करने जिस गति से वृक्षों की कटाई हो रही है, उस गति से पेड़ लगाए नहीं जा रहे है जिसके कारण पर्यावरण प्रदूषित और ऑक्सीजन की कमी हो रही है।



महापौर ने कहा कि पेड़ न लगाने के कारण पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है और आक्सीन की कमी हो रही है। जिसका परिणाम हमने कोरोना के दूसरी लहर में पूरे देश में ऑक्सीजन की कमी को देखा है। जिससे अधिकांश लोगों की जानें गई है। पूरा देश इस सदमे से उबर नहीं पाया है। इस बात को ध्यान में रखते हम सबको प्रण लेकर अपने घर एवं उसके आसपास पौधे लगाना है, ताकि भविष्य में ऑक्सीजन की कमी जैसी स्थिति दोबारा निर्मित न हो। उन्होंने कहा कि हम सबका दायित्व है कि हम अपने आसपास में लगे वृक्षों की रक्षा करें एवं आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ वातावरण में सांस लेने एक पौधे जरूर लगाएं।

### जनदर्शन में किसानों ने कलेक्टर अभिजीत सिंह से लगाई गुहार

# रजिस्ट्रेशन में अड़चन, किसानों को धान बेचने में होती है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव भी मौजूद थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 107 आवेदन प्राप्त हुए।जनदर्शन में नगर निगम दुर्ग, रिसाली, भिलाई, खाद्य विभाग, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

■ जनदर्शन में 107 आवेदन प्राप्त हुए

### रजिस्ट्रेशन में तकनीकी समस्या की शिकायत

वार्ड क्रमांक 54, पोटियाकला के किसानों ने एग्रीस्टेक कृषक रजिस्ट्रेशन में तकनीकी समस्या के चलते किसान पंजीयन नही होने की शिकायत की। किसानों ने बताया कि प्रक्रिया में तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रजिस्ट्रेशन के दौरान खसरा नंबर नहीं दिखने की समस्या के कारण पंजीयन अधूरा रह जाता है। इस वजह से किसान सोसायटी में धान पंजीयन और बिक्री नहीं कर पा रहे हैं। मजबूरन उन्हें फसल बिचौलियों को कम दाम में बेचनी पड़ रही है, जिससे आर्थिक नुकसान हो रहा है। इस पर कलेक्टर ने भू-अभिलेख को तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

### बघेरा-कोटनी रोड की अधूरी नाली बनी किसानों की मुसीबत

बघेरा-कोटनी के किसानों ने बताया कि बघेरा रेलवे फाटक से कोटनी मार्ग तक लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई गई नवीन नाली अधूरी व गलत लेवल पर बनी है, जिससे पानी निकासी रुक गई है। पहले कच्ची नाली से पानी निकल जाता था, लेकिन अब नाली खेत से ऊँची बन गई है, जिससे खेतों में पानी भरकर फसलें डूब रही हैं। करीब 100 एकड़ क्षेत्र की फसलें जलभराव से खराब हो चुकी हैं, जिससे बघेरा, कोटनी और मोहलाई खार के किसानों को भारी नुकसान हुआ है। किसानों ने मांग की है कि नाली का लेवल ठीक कर, उसे एसटीएफ बाईपास छोर व शनि मंदिर सरार तक पूरा किया जाए ताकि खेतों से पानी निकासी हो सके। इस पर कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।



### विद्युत पोल बदलने की मांग

भिलाई पार्षद वार्ड-03 निवासी ने पुराने विद्युत पोल को बदलने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि भिलाई माडल टाऊन वार्ड-03 की श्रमिक बाहुल्य बस्तियाँ में 30 साल पुराने, जर्जर व झुके हुए बिजली के खंभों में दरारें, तारों का जाल और झुकाव बच्चों व राहगीरों के लिए खतरा पैदा कर रहा है। प्रधानमंत्री आवास और सड़क निर्माण के बाद खंभों की ऊँचाई कम हो गई है, जिससे तार और ज्यादा नीचे लटकने लगे हैं। स्थानीय नागरिकों ने इस संबंध में विद्युत विभाग को भी आवेदन दिया गया है। उन्होंने पुराने खंभों को हटाकर ऊँचे लोहे के खंभे लगाने की मांग की। इस पर कलेक्टर ने विद्युत विभाग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

## वार्ड 33 संतोषी पारा में जल्द बनेगा डोम शेड, किया गया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

वार्ड 33 न्यू संतोषी पारा वार्डवासियों एवं दुर्गा पूजा समिति द्वारा कई वर्षों की मांग आज पूरी हुई। 16 लाख का डोम शेड निर्माण का भूमिपूजन किया गया। जोन 3 अध्यक्ष जालंधर सिंह इस अवसर पर प्रमुख रूप से मौजूद थे। वार्ड 33 संतोषी पारा पार्षद शैलजा राजू ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। जालंधर सिंह ने कहा कि कार्य का गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। काम समय पर पूरा किया जाए। प्रयास रहे कि पब्लिक को काम के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी न उठानी पड़े। कार्यक्रम में महो साव, धनराजू, बोलबम गुप्ता, रामेश्वर नागतोडे, मंजीत वर्मा, शिव यादव ब्रिजेश चौधरी, मिंटू साव, अमरजीत साव, अजीत साव, विकास सिंह, लोचन साव, बलराम प्रसाद, अर्जुन प्रजापति, पुष्पा यादव कमला देवी साव, दीपक कुमार, चंदन साव, कविता, नफीसा बनो सहित अन्य मौजूद थे।



## खबर संक्षेप

### धारदार हथियार लेकर डराने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि बोगदा पुलिया जामुल के पास धारदार हथियार बटनदार चाकू लेकर कसाई मोहल्ला छावनी निवासी सागर जायसवाल, संग्राम चौक आदित्य यादव उर्फ डम्पी लोगों को डरा धमका रहा था। पुलिस ने आरोपी सागर से एक लोहे का धारदार बटन चाकू और आदित्य से धारदार चापड़ जब्त किया है। आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर पुलिस ने जेल भेजा है। कार्रवाई में थाना प्रभारी जामुल राजेश मिश्रा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### सुनी मन की बात



**उतई।** भाजपा उतई मंडल के शक्ति केन्द्र ग्राम पंचायत कातरो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनी। जिसमें प्रभारी के रूप में भारतीय जनता युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रवीण यदु,सरपंच जितेंद्र सोनी, बसंत देवांगन आदि उपस्थित थे।

## निधन

### हिरई बाई गुप्ता

**भिलाई।** पुरानी बस्ती गुडी चौरा वार्ड 7 ब्राह्मण पारा जामुल



निवासी हिरई बाई गुप्ता 97 वर्षीय का सोमवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 28 जुलाई को स्थानीय मुक्तिधाम ढौर तालाब में किया गया। वे स्व. गणेश गुप्ता, स्व. सनत गुप्ता व विरेन्द्र कुमार की मां व अजय गुप्ता, विनीत गुप्ता, पीयूष गुप्ता, मुक्ता गुप्ता, ध्रुव गुप्ता, अंजू, अशोक गुप्ता की दादी थीं।

### मीना देवी यादव

**भिलाई।** शास्त्री नगर कैंप 1



निवासी हीरालाल यादव शिक्षक की पत्नी मीना देवी यादव का 28 जुलाई को निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 29 जुलाई को दोपहर 1 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।


## :: आम सूचना ::

मैं अपने पक्षकार श्रीमती पुष्पलता उर्फ पुष्पा सिन्हा पति स्व. राजेश कुमार सिन्हा निवासी : सड़क नं. 2 पुष्पक नगर कातुलबोड दुर्ग तहसील व जिला-दुर्ग की ओर पाये हुये अधिकार वो निर्देश के सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार एवं उनके भाई व बहन हेमंत श्रीवास्तव व सुश्री संगीता लाल दोनो आ. स्व. सुदामा लाल के संयुक्त भूमि स्वामी हक व आधिपत्य में ग्राम-जुनवानी प.ह.नं. 43 (स्मृति नगर जुनवानी) तहसील व जिला-दुर्ग में भूमि खसरा नंबर 288/60 रकबा 0.040 हे. / 4000 वर्गफुट एवं उस पर स्थित भवन क्र. ए-130 तथा खसरा नंबर 420/134 रकबा 0.004 हे. / 450 वर्गफुट एवं उस पर स्थित दुकान क्र. बी-11 है। उपरोक्त भूमि भवन एवं दुकान पर राजस्व अभिलेख में मेरे पक्षकार के भाई हेमंत श्रीवास्तव द्वारा मेरे पक्षकार की जानकारी के बगैर अकेले अपने नाम से उपरोक्त भूमि भवन एवं दुकान पर अवैध रूप से नामांतरण कराकर अपने आप को अकेले भूमि स्वामी एवं स्वामित्वधारी बताते हुये उपरोक्त भूमि भवन एवं दुकान को विक्रय करने के प्रयास में लगा हुआ है, ऐसा मेरे पक्षकार को जानकारी प्राप्त हुई है इसलिए मेरा पक्षकार इस आम सूचना द्वारा सूचित करती है कि कोई भी व्यक्ति या संस्था मेरे पक्षकार के उपरोक्त संयुक्त भूमि स्वामी हक व आधिपत्य की भूमि, भवन एवं दुकान को क्रय करने का प्रयास न करे यदि इस आम सूचना के बाद भी कोई व्यक्ति या संस्था द्वारा उपरोक्त भूमि, भवन एवं दुकान को क्रय किया जाता है, तो उससे मेरा पक्षकार बंधनकारी नहीं होगा तथा अवैध एवं शून्य होगा एवं संबंधित क्रेता को उपरोक्त भूमि, भवन एवं दुकान पर कोई हक व अधिकार प्राप्त नहीं होगा। भूमि एवं भवन ए-130 पर मेरा पक्षकार एवं उनकी बहन सुश्री संगीता लाल तथा दुकान क्र. बी-11 पर मेरा पक्षकार काबिज है। इस प्रकार उपरोक्त भूमि एवं भवन ए-130 तथा दुकान क्र. बी-11 पर हेमंत श्रीवास्तव का कब्जा नहीं है।

सूचना जाने।

दिनांक : 28.07.2025

( हरेकृष्ण तिवारी ) अधिवक्ता
फरिश्ता काम्पलेक्स के सामने
पचरीपारा, स्टेशन रोड दुर्ग


### मनवा कुर्मी समाज पाटन ने मनाई डॉक्टर खूबचंद बघेल की जयंती

# समाज की एकजुटता और उनके हितों की रक्षा के लिए तत्पर रहना चाहिए: भूपेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन/सेलूद

**कवि सम्मेलन का आयोजन के साथ पत्रकारों का किया सम्मान**



मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पाटन राज द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम स्वप्नदृष्टा, पुरोधा एवं स्वतंत्रता सेनानी डॉ. खूबचंद बघेल की 125 वीं जयंती पाटन के कुर्मी भवन में मनाई गई। इस दौरान साहित्यकार, कवि और क्षेत्र के पत्रकारों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में प्रबुद्धजीवियों ने डॉक्टर खूबचंद बघेल के जीवनी पर प्रकाश डाला गया। इसके साथ ही किस तरह से खूबचंद बघेल ने समाज निचले तबके लोगों को उनके अधिकार दिलाने संघर्ष किया। इसके अलावा देश के स्वतंत्रता की लड़ाई में उनके योगदान का चर्चा किया गया।

इस आयोजन में पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधायक पाटन भूपेश बघेल, राजप्रधान पाटन राज युगल आडील, सीताराम वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, जिला पंचायत सदस्य देवेन्द्र चंद्रवंशी, कीर्ति नायक अध्यक्ष जनपद पंचायत पाटन, उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा, अमरचंद वर्मा, विशेष रूप से मौजूद रहे। दीप प्रज्वलन पूजा अर्चना एवं माल्यार्पण के बाद पत्रकार सम्मान समारोह में क्षेत्र के पत्रकारों का सम्मान किया गया। इसके बाद कवि सम्मेलन हुआ जिसमें कवि मीरअली मीर, कृष्णकुमार भारदीय, ऋषि कुमार वर्मा के द्वारा कविता पाठ किया गया। इससे पहले स्वागत उद्बोधन में राज प्रधान युगल किशोर आडील ने कहा कि किस तरह से धीरे धीरे कुर्मी समाज को टारगेट किया जा रहा है इसके बार में बताया। उन्होंने कहा कि सबसे पहले रही सरकार ने डॉक्टर खूबचंद बघेल के नाम से चल रही स्वास्थ्य योजना का नाम बदला, उसके बाद स्वामी आत्मानंद स्कूल को पीएम श्री किया जा रहा है। उन्होंने समाज को एकजुट होकर समाज के हितों की रक्षा की लिए काम करने की बात कही। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि आज हमारे पूर्वजों की बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नहीं हों सकता। समाज में सभी प्रकार के लोग जुड़े रहते है। सबका अलग अलग विचार धारा रहता है। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल डरने वाला नहीं है। आज पाटन विधानसभा की जनता ने मुझे काफी ताकत दिया हैं। मैं आप सबके हौसला बढ़ाने के कारण ही मजबूती से खड़ा हूं और लडूंगा भी उसी मजबूती के साथ। सभा को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। संचालन केदार कश्यप ने किया। मौके पर युवा अध्यक्ष राकेश अडील, मनोज वर्मा, धर्मेंद्र वर्मा, रजना वर्मा, उर्वसी वर्मा, भेद वर्मा, जस्सू वर्मा, केशव बंछोर, रश्मि वर्मा, लिलेश वर्मा, सुजान वर्मा, महेंद्र वर्मा, कुसुम आडिल पुरेन्द्र वर्मा, सत्यनारायण टिकरिहा, मंजू फत्ते वर्मा, अशोक साहू, राजेश आदि उपस्थित थे।

## विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर स्वास्थ्य जांच शिविर



**अंडा।** विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला दुर्ग डॉ. मनोज दानी के मार्गदर्शन में एवं खंड चिकित्सा अधिकारी निकुम डॉ. एनएल बंजारे के निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निकुम में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुल 36 हेल्थ केअर वर्कर्स के हेपेटाइटिस बी एवं सी की जांच की गई। साथ ही अस्पताल में आए मरीजों को पंपलेट का वितरण कर हेपेटाइटिस से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की गई ताकि आमजन इस रोग के प्रति सतर्क एवं जागरूक हो सकें। इस कार्यक्रम का समन्वय विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक राजेन्द्र वर्मा एवं ग्रामीण चिकित्सा सहायक तृप्ति तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. ज्योति धुर्व, डॉ. धर्मेंद्र मार्कण्डेय, बीईटीओ गणेश राम भुआर्य, विक्रम रामटेके, सोमित रंगारी, बीएएम हरिकिशन धृतलहरे, बीडीएम नोहरलाल देवांगन, ओमप्रकाश यादव, मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट ज्योति यादव, ब्लॉक के समस्त महिला एवं पुरुष सुपरवाइजर तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निकुम का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में हेपेटाइटिस जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाना एवं समय पर जांच एवं उपचार को बढ़ावा देना था।

## टोलाघाट कावड़ यात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेलूद



बोल बम कांवर समिति द्वारा निकाली गई कांवड़ यात्रा में सोमवार को हजारों श्रद्धालुओं ने पाटन ब्लॉक के टोला ग्राम में स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक किया। यह मंदिर खारून नदी के मध्य स्थित है।

- जितेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में हजारों कांवड़िये पहुंचे टोला

बारिश के कारण मंदिर चारों तरफ से पानी से घिरा हुआ है और और पानी तेजी से बह रहा है। इसके बाद भी शिव भक्तों की आस्था देखने को मिली, यहां पर नाव की व्यवस्था मंदिर तक पहुंचने के लिए की गई थी। वहीं हजारों शिव भक्त नदी को तैरते हुए पार करके मंदिर तक पहुंचते रहे। वही आयोजन समिति के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भजन संध्या का भी आयोजन कराया गया था।

शिव मंदिर ओगर तालाब में पूजा-अर्चना कर निकली कावड़ यात्रा बोल बम कांवड़ यात्रा के संयोजक जितेंद्र वर्मा ने कहा कि भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा हैं।

कांवड़ियां डीजे की भक्ति संगीत धुनों पर मंत्रमुग्ध होकर नृत्य करते हुए, हाथों में कांवर लिए शिव की भक्ति में लीन रहे। उन्होंने कहा यह यात्रा क्षेत्र में सामाजिक एकता, श्रद्धा और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक बनकर निकली है, जिसमें सभी आयु वर्ग के श्रद्धालु बड़े भाव से सहभागी बने। कांवर यात्रा टोलाघाट पहुंचने के बाद भगवान शंकर का जलाभिषेक रुद्राभिषेक कर सर्वे भवन्तु सुखिनः की कामना कर पूजा अर्चना किया गया। इसके बाद भी शिव भक्तों की आस्था देखने को मिली, यहां पर नाव की व्यवस्था मंदिर तक पहुंचने के लिए की गई थी।

वहीं हजारों शिव भक्त नदी को तैरते हुए पार करके मंदिर तक पहुंचते रहे। वहीं आयोजन समिति के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भजन संध्या का भी आयोजन किया गया था।

## हरेली तिहार पर पारंपरिक गेड़ी दौड़ प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमधा



धमधा में महामाया मंदिर के पास छत्तीसगढ़ के पहले त्यौहार हरेली के मौके पर साईं शिक्षण समिति एवं भगवान धनवंतरी मंदिर समिति धमधा एवं महिला सशक्तिकरण एवं उत्सव समिति धमधा के द्वारा छत्तीसगढ़ी खेल का प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें

- महिला सशक्तिकरण एवं उत्सव समिति ने किया आयोजन

साजा विधायक ईश्वर साहू शामिल हुए। इस कार्यक्रम में गेड़ी दौड़ और कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता रखा गया था जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया । वही इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ईश्वर साहू ने पहले भगवान धनवंतरी के दर्शन किए मां त्रिमूर्ति महामाया के दर्शन कर मंच साझा किया हरेली के मौके पर विधायक ईश्वर साहू ने सभी नगर वासियों को छत्तीसगढ़ी पारंपरिक गीत सुनाया जिसने लोगों का मन मोह लिया । कार्यक्रम के उद्बोधन में पूर्व नगर पंचायत धमधा के अध्यक्ष रमन लाल यादव ने बताया कि किस प्रकार छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल विलुप्त होते जा रहे है जिसे आयोजक समिति ने उभरने का प्रयास किया है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति अनोखी और मनभावक है यह की बोली में मिठास और लोगों के दिलों में अपनत्व का भाव मिलता है। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साजा विधायक ईश्वर साहू ने बताया कि किस प्रकार बचपन में हरेली तिहार के दिन खेल जाता था एक से एक छत्तीसगढ़ी व्यंजन बनाए जाते थे और गेड़ी दौड़ किया जाता और पहुंचे सभी नगर वासियों को छत्तीसगढ़ी पारंपरिक गीत सुनाया जिसने लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर पंचायत धमधा,लोकेंद्र ब्रह्मभट्ट अध्यक्ष भाजपा मंडल धमधा,दिव्या कलिहारी जिला अध्यक्ष भाजपा दुर्ग,विधायक प्रतिनिधि आरुणि दानी,नगर पंचायत के सभी पार्षदगण,कार्यक्रम के विशेष अतिथि निकेत ताम्रकार अध्यक्ष छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ धमधा,समस्त पत्रकार साथीगण मौजूद रहे। इस सफल कार्यक्रम का समाजसेवी डॉ दिनेश साहू ने आभार प्रकट किया।

### रूद्राभिषेक में आज शामिल होंगे रूपनारायण

जामगांव आर। नागपंचमी के पावन अवसर पर जामगांव आर कला मंच बाजार चौक में 29 जुलाई को संगीतमय विशाल रुद्री पाठ रुद्राभिषेक काल सर्प दोष पूजन एवं महामृत्युंजय जाप में



शामिल होने छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा 3 बजे जामगांव आर पहुंचेंगे। पूजन विद्वान आचार्यों द्वारा कराया जाएगा। इस आयोजन में आचार्य आकाश शास्त्री आचार्य शेषनारायण चौबे भगवताचार्य संतोष शर्मा उमाशंकर शुक्ला, प्रेमानंद महाराज खर्रा माधव महाराज आदित्य पांडे अभिषेक शर्मा नवीन शर्मा पंडित कान्हा सिद्ध महाराज तुषार महाराज आदि का सानिध्य शिव भक्तों को प्राप्त होगा। उक्त जानकारी देते हुए पंडित अभिषेक शर्मा ने बताया कि आयोजकों से संपर्क कर गोत्र परिवार के नाम से रुद्राभिषेक शिवपूजन कालसर्प पूजन महामृत्युंजय जाप कराते हुए ब्राम्हण भोजन का लाभ भी ले सकते है भक्तगण।

## अंचल की खबरें

### नाइंथ इंटरनेशनल कराटे में ओम दिखा रहा जौहर

**भिलाई।** कोलकाता में नाइंथ इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप नेताजी इन्डोर स्टेडियम में 29 जुलाई तक आयोजित है। इस चैंपियनशिप में भारत सहित 8 देश भागीदारी दे रहे हैं। इस इंटरनेशनल चैंपियनशिप में भिलाई कोहका से भी कराटे खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। भागीदारी के लिए 24 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। एलीट कराटे एकेडमी के प्रेसिडेंट और कोच एनके कुशवाहा के मार्गदर्शन में खिलाड़ी दुर्ग रेलवे स्टेशन से कोलकाता के लिए रवाना हुए। चयनित खिलाड़ियों में ओम उपाध्याय, आशा शुक्ला, आशिष शुक्ला, लियांशु लौट्रे,



श्वरा गुप्ता, तक्ष कुमार सिंघ, अविशी भट्ट, सोमनाथ तिवारी, सिद्धांत चौधरी, मानवी साहू, मेधांश साहू, चेतना साहू, कितीशा वर्मा, उत्कर्ष देवांगन, वंश थोर, मैथिली साहू, आद्या मिश्रा, निधि साहू, आयुषी अर्करे, पूर्वी देवांगन, जय विश्वकर्मा, वेद केशरी, आरव प्रसाद, फिरोज कुमार मरकाम शामिल हैं। बता दें कि कोलकाता में नाइंथ इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ का वीर बालक ओम उपाध्याय भी भागीदारी दे रहा है। इससे पहले मई में झारखंड के झांसी में नेशनल कराटे स्पर्धा में भाग लेकर ओम ने गोल्ड और ब्रांज मैडल जीता था।

### भगवत प्राप्ति का मार्ग है भगवान की कथा श्रवण



भिलाई। दुर्ग जिले के सबसे प्राचीन शिव मंदिर शिव पुराण कोकड़ी मंदिर में शिव महापुराण कथा के द्वितीय दिवस की कथा में बृजवासी कथावाचक 13 धीरेन्द्र महाराज ने श्रोताओं को भगवान के शिव लिंग की कथा एवं रुद्राक्ष महिमा का वर्णन उन्होंने बताया कि सबसे पहले भगवान की कथाओं को श्रवण करो जिससे भगवान को प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त होगा। कथा में उदयपुर खैरागढ़ के जिला पंचायत सदस्य श्री चौपड़ा जी एवं जनपद सदस्य दुष्यंत द्वारा बाल व्यास का सम्मान किया गया। कथा में देवरी खैरागढ़ के पूर्व सरपंच केजराम साहू का भी आगमन हुआ और कमलेश मौर्या, कमलेश तिवारी, राजन लोधी आदि लोगों द्वारा भी कथा में उपस्थित रहे। कथा के मुख्य यजमान फूलचंद मौर्या एवं धीरेन्द्र बृजवासी द्वारा पूजन करने के उपरांत आज की कथा का प्रारंभ किया गया। संगीतमय शिव पुराण कथा में भगवान शिव और माता पार्वती की सुंदर झांकियों का दर्शन कराया गया। श्रावण मास के पावन पर्व पर भगवान भोलेनाथ की कथा का रसपान शिव भक्तों को शिव कोकड़ी मंदिर प्रांगण में कराया जा रहा है।

### परसदा में एक पेड़ मां के नाम चलाया अभियान



**अंडा।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत परसदा डंगनिया में पौधारोपण किया गया। छायादार पौधे लगाये गये। पौधरोपण कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति बच्चों में जागरूकता उत्पन्न करना था। पौधरोपण के बाद लगाये गये पौधों की देखभाल करने और उन्हें नियमित रूप से पानी देने की जिम्मेदारी सौंपी गई। ताकि वे पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझ सकें और जिम्मेदार नागरिक बन सकें। नागेश्वर यादव समाज सेवक ने कहा कि प्रकृति हमारे जीवन का आधार हैं। एक पेड़ न सिर्फ जीवन देता है, बल्कि यह हमारे बच्चों को एक बेहतर भविष्य की नींव भी देता है। ऐसे कार्यक्रमों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता बढ़ती है और उन्हें यह समझ में आता है कि छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव ला सकते हैं। इस अवसर पर उदय कुमार साहू, नागेश्वर यादव, शत्रुहन साहू, रामसाय साहू, खुशहाल यादव, साहिल साहू, लिकेश साहू, ईशु साहू का पूर्ण सहयोग रहा है।

### सीसी रोड निर्माण से लोगों को मिलेगी सुविधा



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत खपरी सिलोदा के आश्रित ग्राम सिलोदा में दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त के निधि से सीसी रोड निर्माण कार्य 6 लाख 10 हजार एवं अधो संरचना विकास एवं पर्यावरण मध्य राशि 5 लाख का कार्य का भूमि पूजन और सी सी रोड का निर्माण किया गया। इस अवसर पर सरपंच अनुसूईया नारायण साहू, बुधराम रावत, नरेश पवार लक्ष्मीबाई राजपूत चित्रलेखा निषाद जितेंद्र सिंह राजपूत आदि लोग भूमि पूजन कर कार्य को शुभारंभ करवाया एवं विधायक महोदय को सभी ग्रामवासी इस कार्य के स्वीकृत करवाने के लिए बधाई दिए। इस अवसर पर सरपंच ने का कि गांव का विकास सबका विकास होगा। भाजपा सरकार के सभी योजनाओं का सभी ग्रामीण जनों को लाभ मिलेगा ।


## बिजनेस साइट

### उदय पब्लिक स्कूल में मना हरेली



**भिलाई। उदय** पब्लिक स्कूल, जामुल-भिलाई में हरेली और कारगिल विजय दिवस शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पशुधन और सरस्वती वंदना से हुई। शिक्षकों द्वारा छात्रों को हरेली त्यौहार और कारगिल विजयदिवस का महत्व बताकर अन्य जानकारी दी गई। हरेली तिहार के अंतर्गत छत्तीसगढ़ी संस्कृति को जीवंत करते हुए विद्यार्थीयों द्वारा छत्तीसगढी व्यंजन मंगवाया गया एवं पारंपरिक खेल जैसे गेड़ी दौड़, कंची, बिल्लस, भौरा, फुगडी, एवं बच्चो के द्वारा छत्तीसगढ़ी नृत्य प्रस्तुत किए गये। इसके साथ ही कारगिल विजय दिवस के अवसर पर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अंत मे राजकीय गीत से कार्यक्रम का समापन किया गया। उदय पब्लिक स्कूल की प्राचार्य तस्नीम फातिमा की अध्यक्षता एवं शिक्षको के सहयोग और छात्रों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।


**आयोजन** मनवा कुर्मी समाज द्वारा चलाया जा रहा अभियान

## युवा कुर्मी समाज ने अमलेश्वर में किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन/सेलूद



मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा पूरे प्रदेश के 10 राजों में वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज, केंद्रीय युवा एवम राज युवा कार्यकारिणी पाटन राज द्वारा नगरपालिका परिषद अमलेश्वर में तालाब के पास निर्मित शिवमन्दिर परिसर में प्रचुर मात्रा में ऑक्सीजन देने वाले दुर्लभ प्रजाति के पौधे मौलश्री एवम मोहगनी के 15 पौधे रोपित किये गए एवम पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर केंद्रीय युवाध्यक्ष चंद्रकांत वर्मा(राजू) , राजप्रधान युगलकिशोर आडिल , पूर्व केंद्रीय युवा अध्यक्ष ललित कुमार बिजौरा , पाटन राज युवा अध्यक्ष राकेश आडिल , केंद्रीय युवा उपाध्यक्ष लोकेश वर्मा ,पर्यावरण प्रकोष्ठ प्रभारी इंद्रकुमार वर्मा ने बताया कि समाज के महापुरुषों की स्मृति में पर्यावरण को स्वच्छ और स्वस्थ रखने , वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने, मिट्टी के कटाव को रोकने , जैव विविधता को बढ़ावा देने, जल संरक्षण सहित हरियाली के उद्देश्य से वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक से अधिक पौधे लगाने एवम पौधों को संरक्षित रखने लोगों से अपील की। वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से केंद्रीय युवाध्यक्ष चंद्रकांत वर्मा, राजप्रधान युगल किशोर आडिल, पूर्व केंद्रीय युवा अध्यक्ष ललित कुमार बिजौरा, पाटन राज युवाध्यक्ष राकेश आडिल, केंद्रीय युवा उपाध्यक्ष लोकेश वर्मा, समाज सेवी महेंद्र साहू , छत्तीसगढ़ पर्यावरण मित्र समिति के अध्यक्ष डॉ.अश्वनी साहू, पर्यावरण प्रकोष्ठ प्रभारी इंद्रकुमार वर्मा, नगरपालिका परिषद अमलेश्वर पत्रकार संघ के अध्यक्ष करन साहू, नीरज वर्मा, शिवभूषण वर्मा, एडवोकेट सीमा वर्मा, नूतन वर्मा, गोपी देवांगन आदि उपस्थित थे।

### मुड़पार के ग्रामीणों ने सुनी मन की बात



**सेलूद।** मन की बात की 124 कड़ी को शक्ति केंद्र मुड़पार में देखा गया जिसमें मनकी बात के प्रभारी हर प्रसाद आडिलवरिष्ठ भाजपा नेता रामाधार यादव बुथ अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव एवं सक्रिय कार्यकर्ता का उपस्थित होकर मन की बात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस कड़ी के माध्यम से उन बारह मराठा किलो की महानता का उल्लेख किया जीने यूनेस्को द्वारा वर्ल्ड हेरिटेज साइटस के रूप में मान्यता दी है, उन्होंने खेल, विज्ञान और संस्कृति सहित कई रोचक विषयों पर अपनी विचार साझा किये, अगस्त को क्रांति का महीना बताते हुए अगस्त में हुई कई महत्वपूर्ण घटनाओं का जिक्र किया, उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता जैसे मुद्दों परभी बात की, बदलते भारत, नवाचार, और सामाजिक सरोकारों पर प्रेरणादायक संवाद प्रस्तुत किए, जो हम सभी कार्यकर्ताओं को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करते हैं। प्रधानमंत्री जी के विचारों को आत्मसात कर, हम सब मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प में आगे बढ़ें। मन की बात सुनने वालों में मन की बात की प्रभारी हरप्रसाद आदिल, बूथ अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव, भारतीय जनता पार्टी सदस्य लक्ष्मण यादव आदि उपस्थित थे।

# मैत्रीबाग जू में सिमट रहा खूबसूरत ग्रे पेलिकॉन का कुनबा

मैत्रीबाग जू के पोखर में जलक्रीड़ा करते खूबसूरत ग्रे पेलिकान बर्ड सैलानियों के आकर्षण का केंद्र होते हैं। लेकिन पिछले लंबे समय से इन आकर्षक परिंदों का कुनबा नहीं बढ़ने से मैत्रीबाग प्रबंधन किंचित चिंतित है। अन्य कुछ जू में इस पक्षी की ब्रीडिंग हो रही है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

उल्लेखनीय है कि मैत्रीबाग चिड़ियाघर में ग्रे पेलिकान बर्ड विलुप्तप्राय प्रजाति के हैं। जू के यह सुंदर परिंदे पर्यटकों को सर्वाधिक रोमांचित करते हैं। लेकिन पिछले करीब दस साल से इनका परिवार नहीं बढ़ रहा है। पूर्व में यहां 13 ग्रे पेलिकान हुआ करते थे। लेकिन इस नस्ल की संतति नहीं बढ़ने से इनका कुनबा सिमटता जा रहा है। वर्तमान में मात्र 9 पैलिकान ही बचे हैं। कुनबा नहीं बढ़ने की वजह मादा पेलिकान द्वारा दिए जाने वाले अंडों से सफलता पूर्वक बच्चे (चूजे) नहीं निकल पाना है। सूत्रों के मुताबिक पिछले सात आठ साल से अंडों को पेलिकान नर व मादा सेते तो हैं लेकिन इनके जैविक (बायोवीक्ड ) होने से बच्चे पैदा नहीं हो पा रहे हैं। जू के कर्मियों द्वारा अंडों को कैज में ही सेने के लिए सुरक्षित रखने के बाद भी कुछ दिनों बाद अंडे खराब हो जा रहे हैं। इनकी ब्रीडिंग का समय 22 से 28 दिन होता है। यदि यह समस्या बनी रही तो धीरे धीरे पेलिकान का एनक्लोजर खाली हो जाएगा। सैलानी इनके दीदार से वंचित हो जाएंगे। जू में पांच नर व तीन अन्य मादा पेलिकान हैं। नंदन कानन भुवनेश्वर व बैंगलुरु जू में दो दर्जन पेलिकान हैं और इनकी सफलतापूर्व ब्रीडिंग भी हो रही है। पेलिकान की औसत उम्र 13 साल होती है। इन्हें बतौर आहार मछली आदि दिए जाते हैं। विदित हो कि ग्रे पेलिकान भारत के आंध्र व केरल तथा असम आदि दक्षिण व उत्तर के राज्यों के वनों में पाए जाते हैं। मैत्रीबाग जू के प्रभारी डां. एनके बताते हैं कि मैत्रीबाग में पेलिकान के अंडों को सेने व परीक्षण के लिए वेटेनरी अस्पताल अंजोरा भी भेजा गया था, आगे भी प्रयास जारी है।

अंडों से बाहर नहीं निकल रहे बच्चे



### ईमू बर्ड के अंडों से भी नहीं निकले बच्चे

मैत्रीबाग में पिछले पांच साल से दुलर्भ और सुंदर आकर्षक पक्षी ईमू बर्ड का वंश भी नहीं बढ़ रहा है। यहां आस्ट्रेलियन ईमू का एक ही जोड़ा है। इस दौरान मादा ईमू चार पांच बार चार से छह अंडे दे चुकी है। पिछली बार दो माह पूर्व चार अंडे दिए थे। पेलिकान की तरह ईमू नर व मादा मिलकर अपने अंडों को सेते भी हैं लेकिन इनसे बच्चे पैदा नही हो रहे हैं। इससे जू प्रबंधन चिंतित है और दोनों ईमू के चल बसन के बाद पर्यटकों को निराश होना पड़ेगा। इनके अंडो को भी मैत्रीबाग प्रबंधन वेटेनरी अस्पताल अंजोरा सेने व टेस्ट के लिए भेज चुका है लेकिन सफलता नहीं मिली।

## खबर संक्षेप



### बीएसपी में पीसीपी प्रशिक्षण कार्यक्रम जवाबदेही पर जोर

**भिलाई।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के भिलाई प्रबंधन विकास केन्द्र (बीएमडीसी) में 25 और 26 जुलाई 2025 को "संशोधित पीसीपी-2024 के अंतर्गत सर्विस कॉन्ट्रैक्ट" विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक इन्द्रजीत सेनगुप्ता थे। महाप्रबंधक प्रभारी एवं विभागाध्यक्ष संजीव कुमार श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि थे। श्री सेनगुप्ता ने सेवा अनुबंधों को संशोधित पीसीपी के अनुरूप संचालित करने की आवश्यकता और उससे जुड़ी जवाबदेही को बताया ।संजीव कुमार श्रीवास्तव ने संस्थान के भीतर निरंतर अधिगम की संस्कृति विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक सौरभ वार्ष्णेय व विकास सरिन, उप प्रबंधक जोजन जोस आदि उपस्थित थे।

### अतिक्रमण : शिकायत पत्र देकर कहा- उसके सहित पूरी मंडी का बेजा कब्जा तोड़ो

# सब्जी मंडी में अवैध दुकान के मामले में कब्जाधारक खुद ही पहुंचा निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भिलाई की सबसे बड़ी थोक डी आकाश गंगा सब्जी मंडी में अवैध कब्जा कर दुकान संचालित करने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। अब तक जहां इस मामले में सब्जी मंडी समिति के अध्यक्ष और सदस्यों ने विरोध किया था, अब खुद अवैध कब्जा कर दुकान संचालित करने वाले एनवीसी के संचालक अमित सिंह ने निगम को आवेदन देकर अपनी बेजा कब्जा दुकान को तोड़ने की मांग की है।

अमित सिंह ने निगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त और जोन 1 के आयुक्त से पत्र लिखकर मांग की है कि आकाश गंगा सब्जी मंडी से अवैध कब्जा कर संचालित हो रही दुकानो को तोड़ने की कार्रवाई की जाए। उसने पत्र में यह भी स्वीकार किया है उसकी मंडी में एक स्थाई दुकान है और उसके साथ ही वो एक अवैध कब्जा कर अस्थाई दुकान संचालित कर रहा है। उसने दावा किया है कि यह कार्य केवल उसने ही नहीं मंडी के अन्य कई व्यापारियों ने भी किया है। इसलिए उसने खुद निगम आयुक्त से मांग की है कि वो निगम का तोड़ अमला भेजकर उसकी दुकान को तोड़ने के साथ ही सब्जी मंडी की जितनी भी दुकाने बेजा कब्जा करके संचालित हो रही हैं उन्हें भी तोड़ने की कार्रवाई करे। इससे मंडी के अंदर जाम लगने की समस्या समाप्त हो जाएगा।

**आकाशगंगा में सब्जी विक्रेताओं के अवैध कब्जे को लेकर मचा बवाल**



### निगम के पास कब्जा हटाने का समय नहीं, अब तक सर्वे भी नहीं कराया

जब इस बारे में जोन 1 के आयुक्त अजय सिंह राजपूत से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उन्होंने टीम को भेजा था, लेकिन व्यापारी आपस में एक दूसरे पर आरोप लगाकर लड़ रहे हैं। वो अपनी टीम को भेजकर मंडी का सर्वे कराएंगे कि कितनी दुकान के संचालकों ने अवैध कब्जा किया है इसकी जानकारी लेने के बाद सभी का कब्जा तोड़ने की कार्रवाई की जाएगी।

### अध्यक्ष पर भी लगाया बेजा कब्जा का आरोप

अमित सिंह ने निगम को दिए पत्र में आरोप लगाया है कि मंडी में केवल उसने ही अवैध कब्जा कर दुकान नहीं बनाया, बल्कि उसका विरोध करने वाले मंडी समिति के अध्यक्ष रवि जॉन सिंह और उनके समर्थक व्यापारियों ने भी अपनी दुकान के आगे अवैध कब्जा कर उसमें शेड डाला है और वहां सब्जी की गाड़ियां लगवाते हैं। इससे मंडी के अदर दूसरी गाड़ियां नहीं आ और जा पाती हैं। इससे वहां जाम की स्थिति बनती है।

**केंद्रीय यांत्रिक संगठन ने किया जागरुक**

# बीएसपी के संविदा कर्मियों को मिला सुरक्षा पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के केंद्रीय यांत्रिक संगठन द्वारा संयंत्र के विभिन्न विभागों में कार्यरत संविदा कर्मियों को सुरक्षा व कार्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए भवन क्रमांक-2 के सभागार समारोह में सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी बिजय कुमार बेहेरा थे। अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक प्रमोद कुमार ने की।

श्री बेहेरा ने कहा कि संविदा कर्मी संयंत्र का सुरक्षा सिपाही हैं वे आगे भी इसी निष्ठा से कार्य करते रहें। प्रमोद कुमार ने संविदा श्रमिकों से अधिक सजगता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर केंद्रीय यांत्रिक संगठन से चयनित संविदा कर्मियों को सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा निर्धारित मानदंडों के आधार पर 'सुरक्षा सर्वोत्तम', 'सुरक्षा अनमोल' और 'सुरक्षा दक्ष' तीन श्रेणियों में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। वर्ष 2024 के लिए कुल 46 श्रमिकों को पुरस्कृत किया गया। इसमें 'सुरक्षा सर्वोत्तम व सुरक्षा अनमोल श्रेणियों में आठ-आठ तथा 'सुरक्षा दक्ष' श्रेणी में 30 कर्मी शामिल रहे। पुरस्कृत कर्मियों में केंद्रीय यांत्रिक संगठन, सिविल इंजीनियरिंग विभाग, इलेक्ट्रिकल डेवलपमेंट डिपार्टमेंट तथा प्लांट गैराज जैसे विभागों से चयनित श्रमिक शामिल हैं।

इस कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन उप महाप्रबंधक (सीएमएम) अनिल भावे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से महाप्रबंधक (सीईडी) राकेश पांडे, महाप्रबंधक (यांत्रिक सेवाएं) आशीष घोष, महाप्रबंधक (सीएमएम) जॉन वर्गीस, महाप्रबंधक (सीएमएम) ज्ञानेश त्रिपाठी एवं महाप्रबंधक (सीईडी) बीएन झा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

## जेएलएन अस्पताल में वर्ल्ड हेपेटाइटिस डे, किया जागरूक



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र के ओपीडी ब्लॉक में विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक डॉ. एम. रविंद्रनाथ व विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर, डॉ. सौरभ मुखर्जी एवं डॉ. उदय कुमार थे।

शंकराचार्य नर्सिंग कॉलेज और पीजी नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए जागरूकता पोस्टरों की प्रदर्शनी का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक डॉ. एम. रविंद्रनाथ ने किया। अतिथियों ने पोस्टर प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। स्वच्छता दूत के रूप में कार्य कर रहे बायोमेडिकल वेस्ट हैंडलर्स को उपहार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।डॉ. एम. रविंद्रनाथ ने चिकित्सालय में उपलब्ध हेपेटाइटिस से संबंधित चिकित्सकीय सेवाओं, टीकाकरण की प्रक्रिया एवं संक्रमण से सुरक्षा उपायों की महत्ता पर प्रकाश डाला।

### टीकाकरण पर दी जानकारी

गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट डॉ. जीवनलाल ने हेपेटाइटिस के कारण, लक्षण, बचाव, उपचार तथा टीकाकरण के महत्व पर जानकारी दी। हेपेटाइटिस पर केंद्रित वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अरुण निकोसे, डॉ. नोहर सिंह ठाकुर, डॉ. आकांक्षा शर्मा, एवं महाप्रबंधक शाहिद अहमद सहित नर्सिंग स्टाफ, नर्सिंग छात्र-छात्राएं, सफाईकर्मी, अटेंडेंट, रोगी और उनके परिजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अर्चना पांडे ने किया।

## हर आंगन एक पेड़ का दिया संदेश, रोपे पौधे



**भिलाई।** आर्टकाम संस्था ने चौहान टाउन में पौधे रोपे। इस दौरान सिंदूर, सोन पत्ता, अमरूद, आम, कटहल, जामुन जैसे छाएदार एवं फलदार पौधे लगाए गए। संस्थापक निशु पांडे ने वृक्षारोपण एवं वाटर हार्वेस्टिंग से होने वाले फायदे के बारे में विस्तार से बताया।

सोसाइटी के लोगों से अपील की गई कि हमारा अभियान हमारा अभिमान है। हर आंगन एक पेड़ लगाना है। हर आंगन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए लोगों को प्रेरित करना है। प्रेसिडेंट सागरिका पाढ़ी ने कहा कि हम सभी मिलकर ऐसे पौधों का रोपण कर रहे हैं। चौहान टाउन में 11 जगहों पर वाटर हार्वेस्टिंग किया गया है। मीडिया सलाहकार अमिताभ भट्टाचार्य ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सुरेन्द्र यादव, संदीप सबरवाल, दीपा बछावत, मुकेश, प्रीतीश गुहा, ललित, योगेश त्रिवेदी, श्यामल कारकून, सरिता बिसोई, पल्लवी, अल्का दिया, हाय दी, मिली राय सहित अन्य मौजूद थे।

## आंध्र स्कूल के सामने 25 साल से नहीं बनी सड़क, शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वैशालीनगर के वार्ड-28 में आंध्र स्कूल के पास आज भी पक्की सड़क नहीं है। मार्ग मुरुमी है, जिससे बारिश के दिनों में गुजरना खासा मुश्किल हो रहा है। आम आदमी पार्टी ने इसे लेकर कलेक्टर अभिजीत सिंह से शिकायत की है। ब्लॉक अध्यक्ष बलविंदर सिंह और वार्ड अध्यक्ष धर्मेश चौधरी ने कहा कि जिम्मेदार जनप्रतिनिधि शहर विकास की पीठ थपथपा रहे हैं, लेकिन सच्चाई देखना हो तो एक बार आंध्र स्कूल के पास आकर देखें।

लोगों का मार्ग से गुजरना मुश्किल है। 2 महीने से मटेरियल भी गिरा हुआ है, सड़क का काम शुरू नहीं हो पा रहा है। बारिश की वजह से गड्ढे हो गए हैं, जिसमें पानी जमा है। कॉलोन वासियों को इस रोड पर उन्हें व स्कूली बच्चों को पानी में से गुजर कर आना जाना पड़ रहा है। रोड में बड़े-बड़े गड्ढों के पानी भरने के कारण गंदे पानी की वजह से मच्छरों की भरमार है। ज्ञापन सौंपने वालों में मेहरबान सिंह, रऊफ अंसारी, जसप्रीत सिंह, सुरेश और मोहल्लेवासी उपस्थित थे।

## फोर्ज और स्टील स्ट्रक्चरल शॉप में सुरक्षा प्रोत्साहन सप्ताह में किया गया जागरूक

**भिलाई।** भिलाई इस्पात सयंत्र के फोर्ज एवं स्टील स्ट्रक्चरल शॉप में सुरक्षा प्रोत्साहन सप्ताह का आयोजन किया गया। सुरक्षा पर आधारित सुरक्षावार्ता, सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा स्लोगन, नियर मिस केस पर प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। ठेका श्रमिकों के साथ सुरक्षा संचार मंच, नियर मिस केस, आपातकालीन तैयारी व अग्निशमन यंत्रों के उचित उपयोग एवं सावधानियां तथा प्राथमिक उपचार पर जानकारी दी गई।

समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि महाप्रबंधक प्रभारी एसके अग्रवाल व विशेष अतिथि सीजीएम एच के सचदेव, महाप्रबंधक एस आर शेंडे ने विभाग द्वारा किये गए आयोजन एवं प्रयासों की सराहना की तथा सुरक्षा सम्बन्धी गतिविधियों में भागीदारी के लिए आव्हान किया। विभागप्रमुख व महाप्रबंधक जितेन्द्र मोटवानी ने 360 डिग्री ऑब्ज़र्वेशन के महत्व और कार्यस्थल पर सुरक्षा से जुड़े सुझाव दिए।



### विजेताओं को मिले पुरस्कार

विभागीय सुरक्षा अधिकारी व उप प्रबंधक समीर मोहरील ने विभाग का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। फोर्ज एवं स्टील स्ट्रक्चरल शॉप में सुरक्षा सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं बेस्ट सेफ्टी मैन, सेफ्टी स्लोगन, नियर मिस केस, कविता एवं पोस्टर आदि के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम का संचालन राजेश सिंह ठाकुर ने तथा के विक्रम ने धन्यवाद ज्ञापन किया।




**पाठक सूचना**

**हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई**

**9300663610, 7489348301**

**आयोजन** उत्कृष्ट योगदान को किया याद, पौधे देकर किया सम्मानित

# ओए ने बीएसपी के सेवानिवृत्त अधिकारियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा जुलाई में सेवानिवृत्त अधिकारियों के दीर्घ सेवा एवं उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान समारोह का आयोजन प्रगति भवन, सिविक सेंटर में किया गया। सेफी चेयरमेन और ओए के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह सहित कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा, सेफी नामिनी अजय कुमार, उपाध्यक्ष तुषार सिंह, अखिलेश मिश्रा, उपाध्यक्ष माइंस नीतेश क्षत्री, सचिव संजय तिवारी और जेपी शर्मा उपस्थित थे।

राजीव कुमार श्रीवास्तव, सीजीएम सुधीर शोरटे, जीएम सेवाराम जटरेले, जीएम, डॉ. नोहर सिंह ठाकुर श्याम नारायण सिंह यादव, सुनील कुमार, डीजीएम मोहम्मद आरिफ खान, एजीएम मृदुल कुमार श्रीवास्तव,राजील कुमार रणदिवे, दिपांकर कुमार मजूमदार, वी पदमिनी कुमार, अनिल कुमार फुले, डिप्टी मैनेजर व जून माह में सेवानिवृत्त अधिकारी सनत कुमार बाला का सम्मान किया गया।



### पौधे व सम्मान राशि भेंट की

कार्यक्रम अधिकारियों तथा उनकी पत्नियों का ओए द्वारा पौधे और सम्मान राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्तों ने अपने अनुभव बांटे। श्री बंछोर ने कहा कि ओए सदैव ही अधिकारियों के मुद्दों के प्रति सजग रहा है और उन्हें बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किया है। सम्मानजनक पे-रिविजन, सेल पेंशन स्कीम को लागू करवाना, सेवानिवृत्त पर मिलने वाले अवकाश नगदीकरण की सीमा को 3 लाख से बढ़ाकर 25 लाख करना, 11 माह के पर्क्स के एरियर्स का भुगतान आदि मुद्दों में सफलता मिली। बीएसपी पीएफ ट्रस्ट ने ईपीएस-95 हायर पेंशन के लिए बिलासपुर हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। महासचिव परविन्दर सिंह सेवानिवृत्त अधिकारियों के उत्कृष्ट योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन ओए जोनल प्रतिनिधि जितेन्द्र मानिकपुरी ने किया। इस अवसर पर ओए जोनल प्रतिनिधि रेमी थामस, राधाकिशुन, डीपीएस बरार, निखिल पेठे, अमित कुमार सिन्हा, बीएस मान, एस के मालवीय, पिजूष सेन, संतोष सिंह, एस सी साहू शोवन घोष, विजय कुमार देशमुख, राजेन्द्र मंत्री , श्रवण कुमार शुक्ला आदि मौजूद थे।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, मंगलवार 29 जुलाई 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

02



देवांगन समाज के नए अध्यक्ष चुने गए राकेश देवांगन, 4 वोट से जीते

## लाइव इवेंट

### कुलवंत सिंह बने गुरुद्वारा बेबे नानकी सेक्टर-11 के प्रधान



**भिलाई।** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी बेबे नानकी के 2 साल पूर्ण होने को उपरांत छत्तीसगढ़ सिख पंचायत भिलाई दुर्ग के अध्यक्ष जसवीर सिंह चहल की अध्यक्षता में गुरुद्वारा बेबे नानकी सेक्टर 11 गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की बैठक हुई। बैठक में प्रधान पद के लिए सरदार कुलवंत सिंह को सिख पंचायत के दिए फैसले की सहमति से नवनिर्वाचित हुए। गुरु ग्रंथ साहिब की हजूरी में अरदास करने के उपरांत सिरोपाओ की बक्शीश देकर स्वीकृति दी गई।
सिख पंचायत के साथ-साथ सिख यूथ सेवा समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू एवं कोषाध्यक्ष मलकीत सिंह ललू ने उन्हें बधाई दी। महासचिव गुरुनाम सिंह ने बताया कि नई कमेटी का कार्यकाल 2 साल तक रहेगा। पांच दिन में सिख पंचायत को कमेटी गठन की लिस्ट सौंपी जाएगी। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन गुरमीत सिंह गांधी, पलविंदर सिंह रंधावा, जसबीर सिंह सैनी, हरभजन सिंह चहल, बलदेव सिंह, तेजिंदर सिंह हुंदल, गुरमीत सिंह चहल, अमरजीत सिंह बल, हरपाल सिंह हैप्पी, बलजिंदर सिंह कलेर, हरपाल सिंह कमल, सरूप सिंह, पुष्पक सिंह गिल, बलविंदर सिंह काला सहित अन्य मौजूद थे।

## सिटी इवेंट

### आंध्र स्वाभिमान के नए पदाधिकारियों का स्वागत, आय-व्यय का ब्योरा किया पेश



**भिलाई।** आंध्र स्वाभिमान एसोसिएशन की आवश्यक बैठक आंबेडकर पार्क सेक्टर 1 भिलाई में हुई। पूर्व अध्यक्ष एवं चुनाव अधिकारी के. उमाशंकर राव द्वारा नव निर्वाचित समिति के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी सौंप। आय-व्यय का संपूर्ण जानकारी पूर्व कोषाधिकारी एम. ईश्वर राव ने दी। उपस्थित सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए नव निर्वाचित पदाधिकारिंयो को हार्दिक बधाइयां दी। चुनाव अधिकारी द्वारा चुनावी कार्य के आय-व्यय की सम्पूर्ण जानकारी दी। बैठक में मुख्य रूप से नव निर्वाचित अध्यक्ष ए दुर्योधन राव, महासचिव के प्रसाद राव, कोषाधिकारी एम ईश्वर राव, उपाध्यक्ष एम वेंकट राव, उप महासचिव पी जगदीश राव, कार्य समिति सदस्य डी शंकर राव, सीएच अप्पलस्वामी, के शिवकुमार रायुडू, जे श्रीनिवास राव जन उपयोगी सेवा कार्य करने के संकल्प लिया गया। सम्माननीय वरिष्ठ सदस्य वी सुर्यनारायण, के पापा राव, यू लक्ष्मण मूर्ति, पी चंद्रशेखर, डी राजू , ए जगन्नाथ, एम कृष्णा एवं गणमान्य सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सामाजिक सेवा भावना से निरन्तर जनहित कार्य करने का संकल्प लिया गया।

## सिटी इवेंट

### दानवीर भवन में पर्यावरण संरक्षण के लिए लगाए पौधे, सहेजने लिया संकल्प



**भिलाई।** तहसील साहू संघ जामुल की वार्षिक आमसभा और वृक्षारोपण कार्यक्रम मानवाधिकार संगठन एवं तर्पण सेवा संरक्षण परिषद के सहयोग से दानवीर भवन में हुआ। साहू समाज के लोगों ने आसपास की सफाई की। पौधे लगाकार पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया, साथ ही पौधों को सहेजने का संकल्प लिया।

■ तहसील साहू संघ जामुल के सदस्यों ने रोपे पौधे

इस अवसर पर पर्यावरण के क्षेत्र में काम करने के लिए तर्पण पर्यावरण संरक्षण परिषद सदस्यों का सम्मान किया गया। इधर आमसभा की बैठक में वार्षिक आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया। समाज के सामाजिक विकास, सांस्कृतिक एवं संगठन, सामाजिक कुरीतियों को लेकर चर्चा की गई। साहू समाज में मृत्यु होने पर शव में सिर्फ नजदीकी रिश्तेदार कफ़न देंगे। शोककुल परिवार में विधवा का चूड़ी उतारने का कार्यक्रम तालाब के बजाय घर में होगा। शांति भोज में केवल दाल-चावल और सब्जी होगा। कलेवा प्रथा पूर्ण प्रतिबंधित की गई। बैठक में उपाध्यक्ष संतोष साहू, शिवकुमार साहू, कोषाध्यक्ष उपेंद्र साहू, शोभू राम साहू, परदेसी साहू, संतु साहू, तहसील साहू, जीवन प्रकाश साहू, रामचंद्र साहू, पुखराज साहू सहित अन्य मौजूद थे।

● पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गेड़ी चढ़कर भाईचारे का दिया संदेश, ताम्रध्वज भी हुए शामिल

# पउवारा में खेल मेला : फुग्गा फोड़, कबड्डी, फुगड़ी, रस्सीखींच, गेड़ी दौड़ और नृत्य स्पर्धाओं ने किया रोमांचित, कोड़िया बना ऑल चैम्पियन

शहर से लगे ग्राम पउवारा में सोमवार को खेल मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान पारंपरिक खेलों में ग्रामीणों ने भाग लिया। महिलाओं के लिए आयोजित फुगड़ी, रस्सीखीच प्रतियोगिता आकर्षक रही, जिसमें महिलाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। आयोजित प्रतियोगिता में आसपास के 15 से ज्यादा गांव के लोगों ने भाग लिया। इस आयोजन में शामिल होने के लिए पहुंचे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से फुग्गा फोड़, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, गेड़ी नृत्य सहित अन्य खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर मेला जैसा माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू प्रमुख रूप से शामिल हुए।

**दुर्ग।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा स्तरीय इस कार्यक्रम का आयोजन समर्पण युवा मित्र मंडल एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया। जनपद ट्रॉफी नाम से प्रतियोगिता हुई। इसमें विभिन्न खेल-कूद प्रतियोगिताएं हुईं। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए।पारंपरिक खेलों का प्रदर्शन भी किया गया।

आयोजित प्रतियोगिता में कोड़िया पंचायत ने ऑल चैम्पियन का खिताब जीता। विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर ने किया। जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी भी आयोजन में शामिल हुए। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल थे। अध्यक्षता पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू थे। विशेष रूप से कांग्रेस के अध्यक्ष राकेश ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा साहू, प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र साहू, योगिता चंद्राकर, पूर्व जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, जनपद सदस्य झमित गायकवाड़ सहित अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर भूपेश बघेल ने आयोजन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा इस तरह के आयोजन हमारी छत्तीसगढ़ की परम्परा को जागृत करता है। ग्रामीण संस्कृति को नई ऊर्जा प्रदान करता है।





### हमारी संस्कृति कृषि परंपरा व ग्रामीण जीवन शैली की आत्मा

इस अवसर पर भूपेश बघेल ने गेड़ी चढ़कर ग्रामीण संस्कृति को जीवंत कर दिया। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति कृषि परंपरा और ग्रामीण जीवन शैली की आत्मा है। ताम्रध्वज साहू ने कहा कि पूर्व में भूपेश बघेल की अगुवाई में पूरे प्रदेश में सांस्कृतिक लहर पैदा कर दी थी। इससे छत्तीसगढ़ के लोगों में अपनी भाषा, संस्कृति, खेलकूद, खानपान व रहन-सहन के प्रति आत्मविश्वास जागा था। आज इस आयोजन में हमारी मातृशक्ति हमारे संस्कृति की संवाहक है। युवा इसके संरक्षक ग्राम पाउवारा में उसकी स्पष्ट तस्वीर देखने को मिली है। उन्होंने आयोजक, विजेता, प्रतिभागियों को बधाई दी। भविष्य में भी ऐसे आयोजन करने की सलाह दी।



### पांच गांव की महिलाएं उतरीं कबड्डी के मैदान में

पउवारा में आयोजित कार्यक्रम में पांच गांव की महिला कबड्डी टीम भी मैदान में उतरी। उन्हें कबड्डी खेलता देख ठिठोली शुरू हो गई। गांव के लिए यह खासा आकर्षण का केंद्र रहा। हजारों की संख्या में लोग इस कार्यक्रम को देखने के लिए उपस्थित थे। यह आयोजन छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोक संस्कृति को दर्शाता है। हरेली त्यौहार के उत्साह को और बढ़ाता है। पउवारा में आयोजित जनपद ट्रॉफी में महिला कबड्डी प्रतियोगिता भी हुई, जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ की लोक परंपराओं को भी दर्शाया गया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

# सावन में झूलों की निभाई परंपरा, महिलाओं ने डांस मेंहदी, रंगोली और खेलकूद स्पर्धाओं में जमाया रंग

**भिलाई।** हरियाली तीज पर जाट भवन सेक्टर-5 में सावन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्ष सहीराम जाखड़ की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ।

■ हरियाली तीज पर जाट भवन सेक्टर-5 में सावन मिलन समारोह का आयोजन

महाराजा सूरजमल जन कल्याण जाट समाज ने परंपरागत ढंग से हर्षोल्लास के साथ सावन के महीने का स्वागत किया। इस अवसर पर महिलाओं के लिए सावन पर झूलों का विशेष इंतजाम किया गया था। इसके अलावा मेंहदी, रंगोली, डांस सहित अन्य खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीबीआई प्रमुख एसएन जाट सपरिवार शामिल हुए। समाज के गणमान्यजनों ने तीज महोत्सव का विधिवत रूप से शुभारंभ किया।







महिलाओं ने बड़ी संख्या में तीज महोत्सव में प्रतिभाग किया। महिलाओं के लिए झूले डलवाए गए। रीना बहल ने तीज क्वीन का ताज अपने नाम किया। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सचिव रोहतास गहलावत सहित कार्यकारिणी के देखरेख में पूरा कार्यक्रम हुआ।

### बालिकाओं ने राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धाओं में जीते पदक



**भिलाई।** वेदश्री कला संगम की बालिकाओं ने राष्ट्रीय स्तर पर हो रहे प्रग्योत्सव 2025 कार्यक्रम में जीत हासिल की। यह बालिकाएं गुरु ख़ुशी जैन दयन्नवर से नृत्य की शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। एकल भरतनाट्यम में अलग अलग वर्ग में प्रथम श्रेया ठाकुर, द्वितीय सुमन महतो, रूपाली टंडन, आरोही श्रीवास्तव, अविशिका तिवारी, डोयल रॉय, रूप्शा डाकुआ, तृतीय आरोही सक्सेना, जी. साध्या, गिरीशा जैन, दीपिका केसवानी, युगल भरतनाट्यम में अद्रिता खोलिया और कृतिका सिंह, यशस्वी साहू, नंदिनी कुमारी, वृद्धि खटवानी और सुकृति सिंह ने स्थान बनाया। एकल सेमिक्लासिकल प्रतियोगता के अलग अलग वर्ग में प्रथम थान पर माही वैद्य, रुचिका शर्मा, वैष्णवी रहीं। युगल नृत्य में प्रथम वैभवी और वैष्णवी रही।

## ओआरएस दिवस विशेष : यूनिसेफ की रिपोर्ट में चौकाने वाले खुलासे


# उल्टी-दस्त से दुनिया में हर साल 4.43 लाख से ज्यादा मौतें, भारत में ही 50 हजार जान गंवा रहे, ओआरएस का घोल बचा सकता है जीवन

कार्नर न्यूज

भिलाई।
विश्व ओआरएस दिवस हर साल 29 जुलाई को मनाया जाता है। इंडियन एकेडमी ऑफ पिडियाट्रिक्स द्वारा 25 जुलाई से 31 जुलाई तक ओआरएस सप्ताह के दौरान समाज में एक जागरूकता अभियान चलाकर दस्त और डिहाइड्रेशन से संबधित जानकारी एवं ओआरएस के महत्व को बताया जाता है। दुर्ग जिले में भी यह अभियान 25 जुलाई से लगातार चल रहा है। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बताया कि डायरिया बीमारी 0 से 05 वर्ष तक के बच्यो में मृत्यु का तीसरा सबसे बड़ा कारण है। वर्ष 2021 के यूनिसेफ के आंकड़ों के अनुसार प्रतिवर्ष विश्व में 4,43,832 बच्चे डायरिया की वजह से अपनी जान गंवाते हैं। इसमें 1200 बच्चों की प्रतिदिन मौत इसी बीमारी की वजह से हो रही है। भारत में प्रतिवर्ष करीब 50,000 बच्चों की मृत्यु डायरिया की वजह से होती है।

### ओआरएस एक जीवन रक्षक घोल, इसे बारे में जानना जरूरी

ओआरएस घोल एक जीवन रक्षक घोल रिहाइड्रेशन के लिए है। 1964 से पहले डायरिया में डिहाइड्रेशन का इलाज केवल इन्ट्रावीन्स फ्लूड थैरेपी ही थी। लेकिन आज भी उल्टी दस्त होने पर इसका इलाज आईवी फ्लूड को ही मानते हैं। पहले हैजा एपीडेमिक की वजह से बहुत मौतें होती थी। इस विषय में कई वैज्ञानिकों ने काफी कार्य किया और पाया कि ग्लूकोस को पानी व नमक के साथ दिया जाए तो आंतों में सोडियम व पानी का अब्जॉपर्शन बढ़ जाता है। हैजा आदि बीमारी में डिहाइडेशन से मृत्यु कम होती है।





### यह जीवन रक्षक खोल हैजा रोगियों के लिए फायदेमंद,नियमित इस्तेमाल जरूरी

डॉ. दिलीप महालनोबिस ने 1971 में बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान ओआरएस के उपयोग को लोकप्रिय बनाया, जहां उन्होंने बड़ी संख्या में हैजा रोगियों की जान बचाई। 1978 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने ओआरएस को मान्यता दी। ओ आर एस, डायरिया कन्ट्रोल प्रोग्राम चलाया। दिन में तीन या अधिक पतले दस्त होने पर इसे दस्त रोग कहा जाता है। इससे शरीर में पानी व लवण (सोडियम, पोटेशियम) की कमी हो जाती है। इस कमी का तुरंत उपचार नहीं होने पर मरीज की हालत गंभीर हो जाती है। बच्चों में दस्त की वजह से डिहाइड्रेशन जल्दी होता है। बच्चे का सुस्त, चिड़चिड़ा, अधिक प्यास लगना, मुँह का सुखना, कम व पीला पिसाब करना आदि डिहाइडेसन के लक्षण हैं। इसे तुरंत ओआरएस का घोल देना शुरू कर देना चाहिए।

### जिले में हर साल 50 हजार से ज्यादा मामले

एक आंकड़ों की मानें तो दुर्ग जिले में प्रतिवर्ष 50 हजार से ज्यादा मामले उल्टी-दस्त और डायरिया के जिला अस्पताल सहित अन्य सरकारी पहुंचते हैं। इसमें 20 से ज्यादा की मौत भी हो रही है। इसे ध्यान रखते हुए ओआरएस को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। डायरिया के इलाज में ओआरएस घोल के साथ जिंक की गोली या सिरप दी जाती है। जिंक शरीर के इम्यून सिस्टम को मजबूत करती है, डायरिया की गंभीरता को कम करती है। मरीज जल्दी ठीक हो जाता है। जिंक की गोली 14 दिन तक दी जाती है। दूधमुंहे बच्चे को यदि डायरिया की शिकायत है तो मां को और अधिक बच्चे को दूध पिलाते रहना चाहिए।

### यूनिसेफ के आंकड़े चौकाने वाले, सतर्कता ही

यूनिसेफ के आंकड़े चौकाने वाले वाले हैं।



इसलिए डायरिया के मामले को गंभीरता से लेना चाहिए। सतर्कता ही इसका बचाव है। उल्टी-दस्त की शिकायत होने पर बच्चों को दिन में कम से तीन से चार पर ओआरएस का घोल देना चाहिए। इसके बाद भी यदि तबीयत नहीं सुधर रही, तो डॉक्टर को दिखाना चाहिए।

डॉ. रजनीश कान्त मल्होत्रा
अध्यक्ष, छत्तीसगढ एकेडमी ऑफ पिडियाट्रिक्स शिशु रोग विशेषज्ञ, जिला चिकित्सालय दुर्ग

## सिटी इवेंट

### जीवन में पेशेंस आवश्यक, जिसमें धैर्य नहीं वह आगे चलकर बनता है पेशेन्ट



**भिलाई।** आर्य समाज मंदिर सेक्टर 6 में सावन सत्संग का आयोजन किया गया। आचार्य अंकित शास्त्री ने मंत्र उच्चारण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। भजन, संध्या के बाद आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि जीवन में पेशेंस आवश्यक है, जो पेशेंस को खो देता है, वह पेशेंट बन जाता है। इस प्रकार जिसके पास धैर्य नहीं है, वह धर्म को नहीं प्राप्त कर सकता। या धर्म के रास्ते पर नहीं चल सकता। धर्म का पहला लक्षण धैर्य है, जिसे मनुस्मृति में धृति कहा गया है। अधीर व्यक्ति का जीवन इधर-उधर घूमता है। पहुंचता कहीं भी नहीं है। दयानंद सरस्वती ने इसीलिए बाह्य चिन्हों का बहिष्कार किया था। महर्षि स्वामी दयानंद सामान्य रूप से क्लीन सेव रहा करते थे। विशेष परिस्थितियों को छोड़कर के उनके सारे चित्र क्लिन सेव वाले ही उपलब्ध होते हैं। एक बार स्वामी जी एक नाई के पास अपने बाल कटवा रहे थे। जो लोग बाह्य चिन्ह को अधिक महत्व देते हैं, उन्हें लगता है कि बाल बढ़ा लेना भी धर्म का लक्षण है। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण गुप्ता ने किया। इस अवसर पर जवाहर सरपाल, प्रमिला सरपाल, वेद प्रकाश, जॉली थॉमस, आभा चौरसिया, धर्मपाल खंडूजा सहित सहित अन्य मौजूद थे।

● हमर संगवारी ग्रुप के बैनर तले तीज महोत्सव लोक परंपराओं के बीच मना

# तीज क्वीन का ताज सरिता को, आलता में ऊषा, मेहंदी में चंपा और व्यंजन में सीमा ने मारी बाजी, फैशन शो रहा आकर्षण

**भिलाई।** तालपुरी बी ब्लॉक के क्लबहाउस में रविवार को हमर संगवारी ग्रुप के बैनर तले सावन तीज महोत्सव छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक परंपराओं के बीच मनाया गया। पूर्व एल्डरमैन कीर्तिलता वर्मा की देखरेख में मनाए गए इस महोत्सव में फैशन शो, आलता, मेहंदी तथा व्यंजन प्रतियोगिता भी रखी गई। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत एकल तथा समूह नृत्य भी पेश किए गए। फैशन शो प्रतियोगिता में तीज क्वीन का ताज सरिता देशमुख के सर सजा, जबकि फर्स्ट रनरअप सारिका साहू तथा सेकंड रनरअप दीपा सिन्हा रही। सौंदर्य प्रतियोगिता में खूबसूरती और बुद्धि का अद्भुत संगम देखने को मिला।

फैशन शो में 13 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। सभी प्रतियोगिताओं में यूट्यूबर शारदा देशलहरा एवं छत्तीसगढ़ी लोक गायिका डॉ नीतू साहू ने जज की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के अन्य नतीजों के मुताबिक आलता में ऊषा साहू पहले, सरिता देशमुख दूसरे और श्यामा सिन्हा तीसरे स्थान पर रही। वहीं मेहंदी में चंपा वर्मा फर्स्ट, प्रतिभा देवांगन सेकंड और सरिता देशमुख थर्ड पोजीशन में रही। उधर व्यंजन में सीमा देवांगन को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, जबकि लता साहू एवं बबीता केला को द्वितीय और तृतीय स्थान मिला।





### चावल के आटे से बने व्यंजनों को किया पसंद



चावल के आटे से लगभग पंद्रह लजीज व्यंजन बने थे, जिसमें फरा, अनरसा, मैगी फरा, मुर्कू, नमकीन, ढोकला, दूध फरा, गुलाब जामुन, कतरा, चीला, छत्तीसगढ़ी रसगुल्ला तथा रसमलाई प्रदर्शित की गई। ममता वर्मा ने शेरो शायरी के बीच कार्यक्रम का संचालन किया। महोत्सव की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां दुर्गा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। उसके बाद तालियों की गड़-गड़ाहट के बीच अनीता मनीष सोनी ने तुम्ही मेरी मंजिल तथा नारायणी सिन्हा ने इतनी शक्ति हमें देना दाता गीत को सधे हुए सुर में गाया।

### छत्तीसगढ़ी और हिंदी फिल्मी गानों में दी परफॉरमेंस



इसके बाद तालपुरी की महिलाओं ने छत्तीसगढ़ी और हिंदी फिल्मी गानों पर धमाकेदार परफॉरमेंस दिया। पेशेवर नर्तकियों को मात देने वाली नर्तकियों में ममता वर्मा, गायत्री देवांगन, हिमानी सिंग, सारिका साहू, आशा वर्मा, प्रतिभा ऊर्वषा, योगिता देवांगन, नीलू बेलचंदन, सत्यभामा, नीतू चंद्राकर, कविता एवं दीपा, बबीता साहू और ऊषा साहू शामिल हैं। कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। आयोजित कार्यक्रम को लेकर महिलाओं ने कहा कि ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को हमारी कला, संस्कृतिक को जानने का मौका मिलता है। इसलिए आने वाले तीज-त्योहारों में नियमित रूप से ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए।

## सिटी लाइव

### सावन मिलन में तीज क्वीन का खिताब अन्नू को, अध्यक्ष गीता तो उपाध्यक्ष बनी सविता



**दुर्ग।** राष्ट्रीय महिला ब्राह्मण प्रकोष्ठ के तत्वावधान में तीज-सावन मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया।

■ राष्ट्रीय महिला ब्राह्मण प्रकोष्ठ के तत्वावधान में तीज सावन मिलन का आयोजन

कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिभा पांडेय, राष्ट्रीय प्रभारी संगीता शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष अंजु त्रिपाठी, प्रदेश उपाध्यक्ष आशा त्रिपाठी, ज़िला अध्यक्ष गीता पांडेय व ज़िला उपाध्यक्ष सविता त्रिपाठी एवं नीलम तिवारी ने परशुराम भगवान की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद जिला अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव हुआ। गीता पांडे को जिला अध्यक्ष और सविता त्रिपाठी को उपाध्यक्ष चुना गया। अतिथि का स्वागत पौधा देकर किया गया। समाज को आगे बढ़ाने एवं बच्चों को संस्कारवान बनाने के बारे जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि डॉ. मानसी गुलाटी ने किशोरावस्था में पीसीओएस जैसी बीमारियों पर जानकारी साझा की। समारोह में आशा तिवारी, अनीता पांडेय, प्रमिला पांडेय, सुषमा मिश्रा, सुधा शर्मा, ममता पांडेय, पूनम मिश्रा, चंचल गिरी, बबली मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे। गीत-संगीत, नृत्य, खेलकूद और उत्साहपूर्ण भागीदारी के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। तीज क्वीन अवॉर्ड अन्नू को प्रदान किया गया।

## कूर्मि भवन से. 7 में आयोजन

### महिलाओं ने उठाया सावन झूला और गेड़ी का लुत्फ, सुई में धागा डालो स्पर्धा के विजेता पुरस्कृत



**भिलाई।** महिला कूर्मि मित्र मंडल के तत्वावधान में हरियाली तीज मिलन समारोह का आयोजन कुर्मी भवन सेक्टर 7 किया गया। इस अवसर पर सावन झूला औक गेड़ी दौड़ प्रमुख आकर्षण रहा, जिसमें महिलाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। सुरेखा धुरंधर की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ। डॉ. नम्रता सिरमौर ने तीज का लुत्फ उठाते हुए महिलाओं को कैंसर से बचाव की जानकारी दी। चंद्रकांति वर्मा एवं अन्य अतिथियों ने संगठन की तारीफ करते हुए तीज की बधाई दी। इस अवसर पर पाटन जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक, चंद्रकांति वर्मा, योगिता चंद्राकर, डॉ. अनिता वर्मा, डॉ. शालिनी वर्मा, महेश्वरी चंद्रवंशी, महेश्वरी मढ़रिया, सुनीता वर्मा, चमेली बंछोर, बेला बंछोर, मीना बर्छिहा सहित अन्य उपस्थित थे। मनोरंजक खेलकूद में सबने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सुई धागा दौड़ में प्रथम-टिलेश धुरंधर, द्वितीय- वीणा वर्मा, तृतीय-हेमकला वर्मा, गोली चम्मच दौड़ प्रथम-सरिता वर्मा, द्वितीय- माधुरी वर्मा, तृतीय-महेश्वरी चंद्रवंशी, आलता लगाओ प्रतियोगिता के विजेता प्रथम- रश्मि वर्मा, द्वितीय-मीता वर्मा, तृतीय-सुरेश्वरी वर्मा, मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम-ललिता चंद्रा, द्वितीय-कामिनी सिरमौर, तृतीय-रश्मि खिचरिया रहीं। इस अवसर पर एक और सामूहिक नृत्य की भी प्रस्तुति दी गई। हरियाली तीज क्वीन की विजेता सुमन वर्मा रहीं।

**महिला कूर्मि मित्र मंडल ने हरियाली तीज मिलन समारोह का किया आयोजन**

## परमेश्वरी सामाजिक भवन में चुनाव

### देवांगन समाज के नए अध्यक्ष चुने गए राकेश देवांगन, 4 वोट से जीते



**दुर्ग।** शहर ब्लॉक देवांगन समाज के नए अध्यक्ष राकेश देवांगन चुने गए। समाज के त्रिवर्षीय कार्यकाल के लिए प्रबंधकारिणी के 11 पदों के लिए चुनाव हुआ। मां परमेश्वरी सामाजिक भवन गया नगर दुर्ग में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। प्रतिष्ठा पूर्ण इस चुनाव में कुल 89 मतदाताओं में से 88 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर सामाजिक पदाधिकारीयों का चुनाव किया। अध्यक्ष पद के लिए पूर्व अध्यक्ष राकेश देवांगन और कृष्णा देवांगन के मध्य मुकाबला हुआ, जिसमें राकेश देवांगन को 46 मत और कृष्ण देवांगन को 42 मत प्राप्त हुए। राकेश देवांगन को 4 मतों से विजयी घोषित किया गया। सचिव दुष्यंत देवांगन, कोषाध्यक्ष भूषण देवांगन, उपाध्यक्ष अरुण देवांगन, हेमा देवांगन, सहसचिव अश्वनी कुमार देवांगन, ममता देवांगन, कार्यकारणी सदस्य आशीष देवांगन, हरी प्रसाद देवांगन, ईश्वरी देवांगन चुने गए। मुख्य चुनाव अधिकारी धनुष राम देवांगन, उप चुनाव अधिकारी राजेंद्र लिमजे, सहायक चुनाव अधिकारी मेघ लाल देवांगन, मंगतू राम देवांगन की मौजूदगी में चुनाव संपन्न हुआ। इस चुनाव में दुर्ग जिला देवांगन समाज के अध्यक्ष पुराणिक राम देवांगन मौजूद थे।

## सिटी इवेंट

### सावन और बारिश के गीतों ने मजबूर किया गुनगाने के लिए, जुटे संगीत प्रेमी




**भिलाई।** सुर संगीत संगम म्यूजिकल द्वारा सांगीतिक प्रस्तुतियों को लेकर सावन और बारिश की थीम पर गीत-संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया गया। नए कलाकारों को एक संगीत मंच प्रदान करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया। सावन माह में बारिश और सावन के गीतों की श्रृंखला का आयोजन किया गया। ऑफिसर्स एसोसिएशन एवं सुर संगीत संगम म्यूजिकल समूह के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश एवं जिले के सभी संगीत प्रेमियों का भारी संख्या में उपस्थित रहे। कला मंदिर सिविक सेंटर में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

■ कला मंदिर सिविक सेंटर में कार्यक्रम आयोजित

## विजय दिवस पर कॉलेजों में संगोष्ठी और कार्यशाला का आयोजन

कार्नर न्यूज

# कारगिल युद्ध हमारे सैनिकों के अदम्य साहस का परिचायक जिसने दृढ़ संकल्प और देश के लिए बलिदान का दिया संदेश

**भिलाई।** विजय दिवस यानी कारगिल में जीत का दिन। इस दिन को लेकर कॉलेजों संगोष्ठी और कार्यशाला का दौर जारी है। इसे लेकर जामुल, कांतिदर्शन कॉलेज कोसानगर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी प्रकार शंकराचार्या यूनिवर्सिटी में इस विशेष दिन को लेकर परिचर्चा का आयोजन किया गया। डॉ. मनराखन लाल साहू शासकीय कॉलेड जामुल में 26 वां कारगिल विजय दिवस मनाया गया। यह दिवस केवल एक युद्ध में मिली जीत का नहीं बल्कि यह हमारे सैनिकों के अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प और निस्वार्थ बलिदान को याद करने का दिन है यह हमें सीखता है कि राष्ट्र से बढ़कर कुछ भी नहीं।



### छात्राओं ने दिया व्याख्यान, मिला सम्मान

इस दिवस पर महाविद्यालय में व्याख्यान का आयोजन किया गया। बीए प्रथम सेमेस्टर से तान्या चंद्रवंशी, धीरज जांगड़े, कंचन साहू, बीएससी प्रथम सेमेस्टर से मीनाक्षी बर्मन, वीणा, जागृति साहू एवं बीकॉम प्रथम सेमेस्टर से चित्रभानु, नैना देवी शर्मा, चांदनी साहू एवं अर्चिता सिंह ने कारगिल विजय दिवस पर अपना व्याख्यान दिया। इन सभी ने कारगिल के इतिहास, महत्व, कारगिल युद्ध के कारण, युद्ध के परिणाम एवं इसके आयोजन से संबंधित बातों को बहुत ही विस्तार पूर्वक बताया तथा किस प्रकार हमारे सैनिकों ने इस दुर्गम स्थान पर अपने प्राणों को न्यौछावर करते हुए हमें यह जीत दिलाई। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. पीडी सोनकर, डॉ. शशि कश्यप, डॉ. भावना माहुले, गजेंद्र कश्यप, बलराज ताम्रकार, डॉ. रमेश मेश्राम, डॉ. रचना चौधरी सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दामिनी यादव, अंशु निषाद एवं नूतन यादव ने किया।

### कारगिल दिवस देश के वीर सपूतों को विनम्र श्रद्धांजलि

कांती-दर्शन महाविद्यालय कोसानगर में कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि अध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार श्रीवास्तव थे। विशेष रूप से कुमुद



श्रीवास्तव, आशुतोष जायसवाल, प्राचार्य डॉ. ज्योति शर्मा थे। उन्होंने देश के लिए शहीद हुए वीरों को श्रद्धांजलि देकर नमन किया। कारगिल विजय दिवस परिचय गीत, भाषण, नृत्य का रंगारंग कार्यक्रम और रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समस्त सहायक प्रध्यापक, वी.एड, डी.एड. प्रशिक्षणार्थी, कांती-दर्शन स्कूल के समस्थ विद्यार्थियों और शिक्षकों की उपस्थिति रही।

### शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में पोस्टर पर लिखे गए संदेश




शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विभिन्न आयोजन किए गए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपक कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक दिवस पर स्वयं सेवकों में उत्साह का माहौल रहा। विश्वविद्यालय परिसर में कुलपति डॉ ए के झा, कुलसचिव डॉ स्मिता सिलेट, डायरेक्टर विकास डॉ सुशील चंद्र तिवारी तथा विधार्थियों एवं शिक्षकों ने अपने संदेश लिखे। विधार्थियों ने आयोजित पोस्टर बनाओ स्पर्धा में पोस्टर के माध्यम से वीर शहीदों को याद किया और विजय दिवस के गौरव को ब्रश के माध्यम से रेखांकित किया। कुलपति डॉ. झा ने स्मृतियों पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने देश की एकता और अखंडता का संकल्प लिया।

व्यंजन

## त्योहारों पर बाजार से खरीदने की बजाय घर पर खुद बनाएं गुलाब जामुन



गुलाब जामुन एक लोकप्रिय भारतीय मिठाई है, जो किसी भी खास मौके या त्योहार पर बनाई जाती है। इसकी मीठी और मुलायम बनावट सबके दिलों में खास जगह बनाती है। क्या आप जानते हैं कि इसे घर पर बनाना कितना सरल है? इस लेख में हम आपको घर पर गुलाब जामुन बनाने की आसान रेसिपी बताएंगे, जिससे आप इसे किसी भी समय बना सकते हैं और अपने परिवार को खुश कर सकते हैं।

**सामग्री : गुलाब जामुन बनाने के लिए जरूरी सामग्रियां :** गुलाब जामुन बनाने के लिए आपको कुछ चीजों की जरूरत होगी, जैसे कि दूध पाउडर, मैदा, घी, चीनी, गुलाब जल और दूध। इन चीजों का उपयोग करके आप अपने गुलाब जामुन को स्वादिष्ट बना सकते हैं। आप चाहें तो इसमें सूखे मेवे भी डाल सकते हैं, जिससे इसका स्वाद और भी बढ़ जाएगा। इसके अलावा आप गुलाब जल की जगह केसर का उपयोग भी कर सकते हैं, जिससे गुलाब जामुन को एक अलग ही रंग और खुशबू मिलेगी।

**सबसे पहले चाशनी बनाएं :** गुलाब जामुन के लिए सबसे पहले चाशनी तैयार करें। इसके लिए एक पैन में चीनी और पानी मिलाकर उसे मध्यम आंच पर पकाएं जब तक कि चीनी पूरी तरह से घुल न जाए। इसे 2-3 मिनट तक पकाने के बाद मीठा पानी तैयार हो जाएगा। अब इसमें थोड़ा-सा गुलाब जल डालें ताकि इसमें खुशबू आ जाए। अब चाशनी को ठंडा होने दें ताकि यह गुलाब जामुन में अच्छी तरह से समा सके और उन्हें मीठा बना सके।

**गुलाब जामुन का मिश्रण तैयार करें :** गुलाब जामुन का मिश्रण तैयार करना बहुत आसान है। इसके लिए एक बड़े बर्तन में दूध पाउडर और मैदा मिलाकर उसमें थोड़ा-थोड़ा दूध डालते हुए नरम मिश्रण तैयार करें। इस मिश्रण को अच्छे से गूंथ लें ताकि इसमें कोई दरार न रहे। इसके बाद छोटे-छोटे गोले बना लें, जो आपके गुलाब जामुन की आकार देंगे, फिर इन्हें तलने के लिए तैयार रखें।

**गुलाब जामुन तलें व चाशनी में डालें :** अब तैयार मिश्रण के गोले को धीमी आंच पर गर्म घी में डालें और उन्हें सुनहरा भूरा होने तक तलें। ध्यान रखें कि गुलाब जामुन को पलटते रहें ताकि वे हर तरफ से समान रूप से पकें। जब सभी गुलाब जामुन अच्छे से तल जाएं तो उन्हें गर्म मीठे पानी में डाल दें ताकि वे उसमें अच्छे से मिल जाएं। इसके बाद इन्हें कुछ मिनट तक चाशनी में रहने दें ताकि ये पूरी तरह से मीठे हो जाएं।

## रक्षाबंधन पर बनाएं आसान तरीके से ऐसे लाजवाब स्वादिष्ट स्नैक्स



रक्षाबंधन का त्योहार भाई-बहन के अटूट रिश्ते का प्रतीक है। अगर इस बार इस त्योहार पर अपने भाई के लिए कुछ खास बनाना चाहते हैं तो ये स्नैक्स आपके काम आएंगे। इन स्नैक्स की रेसिपी बहुत आसान है और इनका स्वाद भी बेहतरीन है। आइए इन स्नैक्स की रेसिपी जानते हैं ताकि आप रक्षाबंधन पर अपने भाई के साथ घर के बाकि लोगों को भी खुश कर सकें।

**पनीर टिक्का :** पनीर टिक्का एक ऐसा नाश्ता है, जिसे हर कोई पसंद करता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले पनीर को टुकड़ों में काट लें, फिर दही और मसालों का मिश्रण बनाकर उसमें पनीर को भिगोएं। इसके बाद पनीर के टुकड़ों को शिमला मिर्च और प्याज के साथ सींक में लगाकर सेंके। इसे गर्मागर्म हरी चटनी के साथ परोसें। इसका स्वाद और खुशबू आपके रक्षाबंधन को खास बना देंगे।

**आलू के चिप्स :** आलू के चिप्स एक लोकप्रिय नाश्ता है, जिसे आप आसानी से बना सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले आलू को पतले-पतले टुकड़ों में काट लें, फिर इन्हें पानी में धोकर सुखा लें। अब इन्हें धीमी आंच पर तेल में तलें जब तक कि ये कुरकुरे न हो जाएं। तलने के बाद इनमें नमक और थोड़ा-सा लाल मिर्च पाउडर मिलाएं। इन्हें ठंडा होने पर किसी बंद डिब्बे में रखें और रक्षाबंधन पर अपने भाई को परोसें।

**मोमोज :** मोमोज एक ऐसा व्यंजन है, जो आजकल हर किसी को पसंद आ रहा है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले मैदा का आटा गूंथ लें और छोटी-छोटी लोइयां बना लें। अब इन लोइयों को बेलकर उनमें सब्जियों का भरवान भरें। भरवान बनाने के लिए प्याज, गाजर, पत्तेदार सब्जियां और मसालों का मिश्रण तैयार करें। मोमोज को भाप में पकाने के बाद चटनी के साथ परोसें। यह नाश्ता आपके रक्षाबंधन को और भी खास बना देगा।

**दही भल्ला :** दही भल्ला एक ऐसा नाश्ता है, जो गर्मियों में बहुत अच्छा लगता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले उड़द दाल को रातभर पानी में भिगो दें, फिर सुबह उसे पीसकर गोल-गोल बॉल्स बनाएं और तल लें। अब इन बॉल्स को ठंडे पानी में कुछ देर रखें ताकि वे नरम हो जाएं। इसके बाद इन्हें दही, इमली की चटनी और मसालेदार पानी से सजाकर परोसें। यह नाश्ता आपके रक्षाबंधन को और भी खास बना देगा।

**खस्ता कचौड़ी :** खस्ता कचौड़ी एक ऐसा नाश्ता है, जो हर किसी को पसंद आता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले मैदा गूंथ लें, फिर उसमें सूजी मिलाएं ताकि कचौड़ी खस्ता बने। अब इसके अंदर मसालेदार आलू की भराई भरें।

आकस्मिक धनलाभ के योग

# 50 साल बाद आज नागपंचमी पर बुध करेंगे शनि के नक्षत्र में प्रवेश, इन राशियों की पलट सकती है किस्मत

वैदिक पंचांग मुताबिक ग्रह 29 जुलाई को ग्रहों के राजकुमार बुध पुष्य नक्षत्र में गोचर करेंगे। अनुराधा नक्षत्र के स्वामी शनिदेव हैं, जो कर्मफल के स्वामी और न्याय के देवता हैं। वैदिक ज्योतिष में शनि और बुध एक-दूसरे के मित्र माने गए हैं। ऐसे में बुध ग्रह के नक्षत्र परिवर्तन से कुछ राशियों का भाग्य चमक सकता है। साथ ही इन राशियों की आय में वृद्धि और नौकरी में प्रमोशन के योग बन रहे हैं। आइए जानते हैं ये लकी राशियां कौन सी हैं



### सिंह राशि

आप लोगों के लिए बुध देव का नक्षत्र परिवर्तन लाभप्रद सिद्ध हो सकता है। इस दौरान आपकी दैनिक इनकम में इजाफा हो सकता है। साथ ही नौकरी में प्रमोशन, आय में वृद्धि और कर्ज से मुक्ति मिलेगी। वहीं आप देश-विदेश की यात्रा कर सकते हैं। साथ ही इस दौरान इन्हें भाग्य का साथ मिलेगा। धार्मिक या आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के साथ संबंधों में मधुरता आएगी। साथ ही इस समय आपकी इच्छाओं की पूर्ति होगी।

### तुला राशि

इस अवधि में आपको समय- समय पर आकस्मिक धनलाभ हो सकता है। साथ ही कार्यक्षेत्र में नौकरीपेशा लोगों को प्रमोशन या नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। वहीं व्यापारियों के लिए नए सौदे और साझेदारियां बनने की संभावना है। साथ ही इस अवधि में आप धन की सेविंग करने में सफल होंगे।

### धनु राशि

इस समय आपको काम- कारोबार में अच्छी सफलता मिल सकती है। वहीं आय्र में इजाफा होगा। आपकी फाइनेंशियल कंडीशन अच्छी हो जाएगी। इंवेस्टमेंट से आपको लाभ होगा। आर्थिक रूप से यह समय रचनात्मक या टेक्नोलॉजी से जुड़े क्षेत्रों में निवेश के लिए अच्छा है। आपकी सोची हुई योजनाएं सफल होंगी। कोई शुभ समाचार आपको मिल सकता है।

### नाग पंचमी पर राशि अनुसार करें इन मंत्रों का जाप, खुलेंगे सौभाग्य के द्वार

सुख-समृद्धि की होगी प्राप्ति

नाग पंचमी आज 29 जुलाई को मनाई जा रही है। इस दिन नाग देवता की विधिवत पूजा करना अत्यंत शुभ माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन नाग देवता और भगवान शिव की विधिपूर्वक पूजा करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है। वहीं इस दिन शिवलिंग का अभिषेक करना बेहद शुभ माना जाता है। इसके अलावा इस दिन कुछ विशेष मंत्रों का जाप भी अवश्य करना चाहिए। मान्यता है कि ऐसा करने से न केवल कालसर्प दोष से मुक्ति मिलती है बल्कि जीवन में आने वाली बाधाएं भी समाप्त होती हैं। ऐसे में आइए जानते हैं किस राशि के जातकों के लिए नाग पंचमी पर पढ़े जाने वाले प्रभावशाली मंत्र कौन-कौन से हैं।

मेष राशि – ओम गिरी नमः। वृषभ राशि – ओम भूधर नमः। मिथुन राशि – ओम व्याल नमः। कर्क राशि – ओम काकोदर नमः। सिंह राशि – ओम सारंग नमः। कन्या राशि – ओम भुजंग नमः। तुला राशि- ओम महिधर नमः। वृश्चिक राशि – ओम विषधर नमः। धनु राशि – ओम अहि नमः। मकर राशि – ओम अचल नमः। कुंभ राशि – ओम नगपति नमः। मीन राशि – ओम शैल नमः।

## शरीर को स्वस्थ रखने में सहायक हैं घर में रखीं ये जड़ी-बूटियां, डाइट में करें शामिल



जड़ी-बूटियां न केवल खाने का स्वाद बढ़ाती हैं, बल्कि कई बीमारियों का इलाज करने में भी मदद कर सकती हैं। आयुर्वेद में तो इनका विशेष महत्व है। आयुर्वेद के अनुसार, जड़ी-बूटियों का सेवन करने से शरीर को प्राकृतिक रूप से स्वस्थ रखा जा सकता है। आइए आज हम आपको ऐसी जड़ी-बूटियों के बारे में बताते हैं, जो आपके घर में ही रहती हैं मगर हम उसका उपयोग नहीं करते। शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करने वाली इन जड़ी बूटियों को आज से ही उपयोग में लाने लगें देखिए कैसे आपके स्वास्थ्य में बदलाव आ जाएगा।

**हर घर में रहती है तुलसी :** तुलसी को 'पवित्र' माना जाता है और यह लगभग हर भारतीय घर में पाई जाती है। इसका सेवन शरीर की सुरक्षा को बढ़ाने में मदद कर सकता है। इसके अलावा यह तनाव और थकान से छुटकारा दिलाने में भी सहायक है। इसके साथ ही यह रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में भी मदद कर सकती है। आप चाहें तो तुलसी की चाय बनाकर भी पी सकते हैं। तुलसी का सेवन सेहत के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।

**पोषक तत्वों से भरपूर धनिया की पत्तियां :** धनिये की पत्तियां कई पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं, जो शरीर में मौजूद हानिकारक तत्वों को बाहर निकालने और पाचन क्रिया को स्वस्थ रखने में मदद कर सकते हैं। साथ ही ये शरीर को नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों से बचाने में मदद कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त ये पत्तियां शरीर में रक्त शर्करा के स्तर को कम करने में भी मदद कर सकती हैं। धनिये की पत्तियां सेहत के लिए लाभकारी होती हैं।

**करी पत्ता में कई गुणों का समावेश :** करी पत्ता न केवल खाने में स्वाद बढ़ाता है, बल्कि कई गुणों से भी भरपूर होता है। यह शरीर की अतिरिक्त चर्बी को कम करने, बालों की समस्याओं को दूर करने और लिवर को स्वस्थ रखने में मदद कर सकता है। इसके अलावा यह त्वचा की समस्याओं को दूर करने में भी सहायक है। साथ ही यह शरीर में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में भी मदद कर सकता है।

## हैदराबाद की प्याज की खीर हुआ करती थी लोगों की पसंदीदा

हैदराबाद अपने जायकों के लिए दुनियाभर में मशहूर है। अपने खान-पान के प्रेम के लिए प्रसिद्ध निजामों ने कई अनोखे व्यंजनों की विरासत पीछे छोड़ी, जो आज भी हैदराबाद की पहचान है। बिरयानी से लेकर कबाब तक, यहां आपको न जाने कितने स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद मिल जाएगा। आज हम हैदराबाद की एक खास मिठाई के बारे में जानेंगे, जो मुश्किल से मिलती है।

हम प्याज की खीर की बात कर रहे हैं, जो लोगों की पसंदीदा हुआ करती थी और आज भी है

**खीर में प्याज डालना किसने शुरू किया :** इस व्यंजन का नाम सुनकर आप हैरान होंगे, क्योंकि प्याज को मीठे पकवान में शामिल करने की कल्पना नहीं की जा सकती। हालांकि, यह कभी निजामी सल्तनत के शाही भोजों का अहम व्यंजन हुआ करता था। इस पकवान को 'अनोखी खीर' नाम से जाना जाता है। यह खीर पहले आम जनता द्वारा बनाई जाती थी, क्योंकि उस समय प्याज सस्ते हुआ करते थे। यही वजह थी कि लोग चावल की जगह उसी का इस्तेमाल करके खीर बना लिया करते थे।

**अनोखी खीर कैसे बनी निजामों की पसंदीदा :** आम जनता गर्मी के मौसम में अनोखी खीर बनाकर खाती



थी, क्योंकि प्याज पेट को ठंडा रखते थे। बाद में जब निजामों ने इसके अनूठे स्वाद को चखा तो वे बेहद खुश हुए। उन्होंने प्याज की खीर की खूब सराहना की और उसे खास मौकों के मेन्यू में शामिल करने का फरमान सुनाया। इस खीर का स्वाद हल्का मीठा होता है, जिसमें तीखे प्याज के स्वाद का कोई नामों-निशान नहीं होता है।

**प्याज की खीर बनाने की रेसिपी :** अनोखी खीर की रेसिपी काफी हद तक चावल की खीर जैसी ही होती है। इसके लिए सबसे पहले सफेद प्याज को काटकर कई बार पानी में उबाल लें। ऐसा करने से प्याज का कड़वापन कम हो जाएगा। जब प्याज मुलायम हो जाएं तो उन्हें दूध में पकाना शुरू करें। इसके बाद इसमें चीनी, खोया, इलायची और केसर डालकर मिला लें। अंत में इसमें बादाम, पिस्ता, काजू और मखाने आदि जैसे बारीक कटे मेवे शामिल करें। इसे ठंडा करके खाएं।



## सजावट के लिए ही नहीं स्वास्थ्य के लिए भी बहुत लाभदायक है गेंदे का फूल

गेंदे का फूल दिखने में जितना सुंदर लगता है, उतने ही फायदे से भरपूर होता है। यह फूल अपने औषधीय गुणों के कारण कई बीमारियों में असरदार होता है। इसमें सूजन कम करने वाले, बैक्टीरिया से लड़ने वाले और शरीर को स्वस्थ रखने वाले गुण होते हैं, जो सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। आइए आज हम आपको गेंदे के फूल के सेवन से मिलने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में बताते हैं।

**रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा देने में है सहायक :** गेंदे के फूल का सेवन शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद कर सकता है। इसका कारण है कि इसमें बैक्टीरिया से लड़ने वाले और शरीर को स्वस्थ रखने वाले गुण होते हैं, जो प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने में सहायक होते हैं। इसके अतिरिक्त इसमें मौजूद पोषक तत्व शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बेहतर करने में मदद कर सकते हैं। यह फूल शरीर को स्वस्थ रखने में अहम भूमिका निभा सकता है।

**आंखों के स्वास्थ्य के लिए है लाभकारी :** आंखों की समस्याओं से राहत दिलाने में भी गेंदे के फूल का सेवन फायदेमंद हो सकता है। इसका कारण है कि इसमें आंखों के लिए जरूरी पोषक तत्व होते हैं, जो आंखों को नुकसान पहुंचाने वाली हानिकारक किरणों से बचाने में सहायक होते हैं। इसके अतिरिक्त इसमें मौजूद तत्व आंखों की समस्याओं से सुरक्षित रखने में मदद कर सकते हैं। यह फूल आंखों की रोशनी को बेहतर बनाए रखने में सहायक हो सकता है।

**पाचन क्रिया को दे सकता है मजबूती :** पाचन क्रिया को मजबूत करने में भी गेंदे के फूल का सेवन फायदेमंद हो सकता है। इसमें सूजन कम करने वाले गुण होते हैं, जो पेट की समस्याओं से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा इसमें मौजूद तत्व पाचन क्रिया को स्वस्थ रखने में भी मदद कर सकते हैं। यह फूल पाचन से जुड़ी समस्याओं को दूर करने में सहायक हो सकता है।



### त्वचा की समस्याओं को कर सकता है दूर

गेंदे के फूल में मौजूद शरीर को स्वस्थ रखने वाले और सूजन कम करने वाले गुण त्वचा की समस्याओं से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं। इसमें त्वचा को पोषण देने वाले तत्व होते हैं, जो त्वचा को स्वस्थ रखने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा इसमें मौजूद गुण त्वचा पर होने वाले सूजन और जलन जैसी समस्याओं को दूर कर सकते हैं। यह फूल त्वचा को निखारने में सहायक हो सकता है।

### घाव और घिसने के निशान हटाने में है प्रभावी

गेंदे के फूल में सूजन कम करने वाले और बैक्टीरिया से लड़ने वाले गुण होते हैं, जो त्वचा की समस्याओं जैसे कील-मुंहासे और झुर्रियों आदि से छुटकारा दिलाने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा इसमें मौजूद तत्व त्वचा को प्रदूषण और अन्य हानिकारक तत्वों से होने वाले नुकसान से बचाने में मदद कर सकते हैं। लाभ के लिए गहरे घाव और घिसने के निशानों पर गेंदे का तेल लगाएं।

कार्नर न्यूज

न केवल आपके रिश्ते को मजबूत बनाएंगे, बल्कि आपकी बहन को भी बेहद खुश करेंगे

# रक्षाबंधन: बहन को दें ऐसा उपहार कि देखते ही हो जाए खुश और सभी को दिखाती रहे

रक्षाबंधन भाई-बहन के रिश्ते को मजबूत करने वाला एक अहम त्योहार है। इस दिन बहन अपने भाई की कलाई पर राखी बांधती है और मिठाइयां खिलाती है, वहीं भाई अपनी बहनों के लिए उपहार लाते हैं। अगर आप अपनी बहन को कुछ खास उपहार देना चाहते हैं तो यहां जानिए बेहतरीन विकल्प, जो न केवल आपके रिश्ते को मजबूत बनाएंगे, बल्कि आपकी बहन को भी बेहद खुश करेंगे। इन उपहारों से त्योहार का मजा दोगुना हो जाएगा।



### व्यक्तिगत उपहार

व्यक्तिगत उपहार हमेशा खास होते हैं। आप अपनी बहन के लिए एक खास गहना बनवा सकते हैं, जिसमें उसका नाम या कोई खास तारीख हो। इसके अलावा आप एक व्यक्तिगत डायरी या कैलेंडर भी बना सकते हैं, जिसमें आपकी बहन की पसंदीदा तस्वीरें हों। इससे उसे हर दिन आपकी याद आएगी और उसका मनोबल भी बढ़ेगा। व्यक्तिगत उपहार से आपकी बहन को यह महसूस होगा कि आप उसकी कितनी परवाह करते हैं।

### फैशनेबल कपड़े

अगर आपकी बहन को फैशन का शौक है तो उसे एक चलन में रहने वाली ड्रेस या साड़ी गिफ्ट करें, जो उसके स्टाइल के अनुकूल हो। आप उसके पसंदीदा रंग या डिजाइन में कपड़े चुन सकते हैं, जिससे वह खास महसूस करेगी। इसके अलावा आप उसे एक खूबसूरत सूट सेट या लहंगा भी दे सकते हैं, जो त्योहार के अवसर पर पहनने के लिए उपयुक्त हो।

### स्मार्टफोन, टैबलेट या लैपटॉप का उपहार

अगर आपकी बहन तकनीकी चीजों में रुचि रखती है तो उसे एक नया स्मार्टफोन, टैबलेट या लैपटॉप गिफ्ट करें। इसके अलावा आप उसे एक अच्छा हेडफोन सेट या ब्लूटूथ स्पीकर भी दे सकते हैं, जिससे वह अपने पसंदीदा गाने सुन सके या वीडियो देख सके। तकनीकी उपहार न केवल उपयोगी होते हैं बल्कि उन्हें लंबे समय तक यादगार भी बनाते हैं। इससे आपकी बहन को हर दिन आपकी याद आएगी और उसका मनोबल भी बढ़ेगा।



### सौंदर्य उत्पाद

अगर आपकी बहन को सौंदर्य उत्पाद पसंद हैं तो उसे एक अच्छा मेकअप किट या त्वचा की देखभाल का सेट गिफ्ट करें। इसमें लिपस्टिक, क्रीम, फेस मास्क आदि शामिल हो सकते हैं, जो उसकी सुंदरता को बढ़ाएंगे। इसके अलावा आप उसे एक अच्छा इत्र या शरीर पर लगाने वाला लोशन भी दे सकते हैं, जिससे वह हर दिन ताजगी महसूस करेगी।

**किताबें या संगीत से जुड़ी चीजें :** अगर आपकी बहन पढ़ाई या संगीत सुनने का शौक रखती है तो उसे एक अच्छी किताब या संगीत का एल्बम गिफ्ट करें। आप उसकी पसंदीदा लेखक की किताब या किसी नए लेखकों की किताब चुन सकते हैं, जो उसे पसंद आएगी। संगीत एल्बम में उसके पसंदीदा गानों या कलाकारों की धुनें शामिल हो सकती हैं, जिससे वह हर दिन प्रेरित महसूस करेगी।

फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### मार्वल यूनिवर्स के इन किरदारों का दुनियाभर में जलवा



भारत में हॉलीवुड फिल्मों की लोकप्रियता किसी से छुपी नहीं है, लेकिन जब बात मार्वल यूनिवर्स की हो, तो दर्शकों की दीवानगी सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में देखने को मिलती है। मार्वल की इस नई फिल्म के बाद एक बार फिर चर्चा में हैं मार्वल यूनिवर्स के वो किरदार, जिन्होंने दुनियाभर के साथ-साथ भारत में भी एक गहरी छाप छोड़ी है। मार्वल यूनिवर्स की बात हो और 'आयरन मैन' का जिक्र न हो, ऐसा मुमकिन नहीं। रॉबर्ट डाउनी जूनियर ने इस किरदार को बखूबी निभाया। उन्होंने इस कैरेक्टर में इस कदर जान डाली कि वो दर्शकों के दिलों में बस गया। भारत में भी 'आयरन मैन' की फैन फॉलोइंग इतनी जबरदस्त है कि लोग उन्हें उनके असली नाम से कम और 'आयरन मैन' के नाम से ज्यादा पहचानते हैं। 'थॉरः लव एंड थंडर' जैसी फिल्मों ने इस किरदार को बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में लोकप्रिय बना दिया है। क्रिस हेम्सवर्थ का दमदार अभिनय, हथौड़ा थामे हर सीन में अलग एनर्जी लगती है। भारत में थॉर की लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उनकी फिल्मों को हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ जैसी भाषाओं में डब किया जाता है। 'स्पाइडर मैन' शायद पहला सुपरहीरो है जिससे भारत के बच्चे परिचित हुए। पर आज के दौर में टॉम हॉलैंड वाले स्पाइडर मैन को सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है।

## टॉलीवुड

### 100 फिल्मों में काम करने वाली हीरोइन 47 की उम्र में ट्रांसफॉर्मेशन से किया हैरान



एक्ट्रेस ममिल्ला शैलजा प्रिया ने तेलुगु और तमिल फिल्म इंडस्ट्री में 100 से अधिक फिल्मों में काम किया। फिर सीरियल्स के जरिए तेलुगु दर्शकों के दिलों में जगह बनाई। इन दिनों शैलजा प्रिया ने अब अपने नए लुक से फैंस को चौंका दिया है। 47 साल की उम्र में भी वह बेहद खूबसूरत और फिट लग रही हैं। हाल ही में प्रिया ने अपने नए लुक का एक वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वह स्टाइलिश हेयरस्टाइल और शानदार ड्रेसिंग के साथ यंग लड़की की तरह दिख रही हैं। प्रिया ने 1997 में तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा। मास्टर', 'दोंगाटा, गोकुलमलो सीता जैसी फिल्मों से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की। उन्होंने हीरोइन, सपोर्टिंग एक्ट्रेस और कुछ फिल्मों में विलेन के रूप में भी दर्शकों को प्रभावित किया। फिल्मों के अलावा उन्होंने कई तेलुगु सीरियल्स में अभिनय करके घर-घर में पहचान बनाई. उनके किरदार दर्शकों को बहुत अच्छे से याद हैं। प्रिया ने सिर्फ सीरियल्स और फिल्मों तक ही सीमित नहीं रहीं, बल्कि पॉपुलर रियलिटी शो बिग बॉस सीजन-5 में भी हिस्सा लिया. 'बिग बॉस' के घर में उन्होंने अपने असली स्वभाव और व्यक्तित्व को दर्शकों के सामने रखा। 'बिग बॉस' के बाद उन्हें और भी ज्यादा लोकप्रियता मिली. तब से वह सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हुए अपने व्यक्तिगत मामलों और नए प्रोजेक्ट्स को फैंस के साथ शेयर कर रही हैं। 47 साल की उम्र में प्रिया अपनी सुंदरता और फिटनेस की वजह से युवाओं के लिए प्रेरणा बन रही हैं।

## भोजपुरी

### संभावना सेठ का मजाक उड़ाने वालों को करारा जवाब



संभावना सेठ अपने बेबाक और बिंदास अंदाज के लिए मशहूर हैं। एक समय पर भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री का पॉपुलर चेहरा रहीं संभावना सेठ अब व्लॉगर भी हैं और सोशल मीडिया पर तस्वीरें भी शेयर करती रहती हैं। हाल ही वह पति के साथ घूमने गईं और वेकेशन से प्यारी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों पर फैंस प्यार तो लुटा रहे हैं, पर इससे ज्यादा उनके कैप्शन की चर्चा हो रही है। संभावना सेठ ने काले रंग की ड्रेस में कुछ तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं। इनमें वह पति अविनाश द्विवेदी के साथ रोमांटिक पोज देती नजर आ रही हैं। साथ में लिखा है, 'ये लो प्यार।' जहां फैंस ने संभावना के इस अंदाज की तारीफ की हैं, वहीं कुछ यूजर्स को लगा कि वह ताना मार रही हैं। उन्होंने एक्ट्रेस को ऐसा न करने की सलाह देनी शुरू कर दी। संभावना सेठ ने इससे पहले अपनी कुछ और तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें उन्होंने पीले रंग की खूबसूरत ड्रेस पहनी है। लेकिन इस पर एक्ट्रेस का मजाक उड़ाया जाने लगा। यह देख संभावना ने तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा, 'यही कपड़े पहनके स्विमिंग पूल में जाना था ना...अगली बार ध्यान रखूंगी।' संभावना इन तस्वीरों में गजब की खूबसूरत लग रही थीं, पर यूजर्स का ध्यान उनसे ज्यादा उनके कैप्शन पर अटक गया। एक ने कमेंट किया, 'तस्वीरों से ज्यादा तो मुझे कैप्शन मजेदार लगा। सीधा मुंह पर जवाब।' एक और कमेंट है, 'आजकल आपके कैप्शन एकदम फायर हैं।' एक ने लिखा, 'इसे कहते हैं ट्रोलर को रैप्चिक चांटा।' एक बोला, 'ओह गॉड, हेटर्स के मुंह पर बारह वाला थप्पड़।' संभावना सेठ के करियर की बात करें, तो उन्होंने शुरुआत भोजपुरी सिनेमा से की थी, जहां उन्होंने फिल्मों में खूब आइटम नंबर किए। वह 'कमर जब नचकेला' और 'लहंगा में वायरस' जैसे आइटम सॉन्ग्स में दिखीं। संभावना ने कई हिंदी टीवी शोज और रियलिटी शोज में भी काम किया। आज वह इवेंट्स, भोजपुरी फिल्मों और यूट्यूब से खूब कमा रही हैं। मुंबई में उनके चार घर हैं, जिनकी कीमत करोड़ों में है।

लाइफ स्टाइल

### ब्लैक गाउन पहन दिए किलर पोज

भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह की नई फोटो ने फैंस का दिल जीत लिया है। उसने ब्लैक कलर की थाई हाई स्लिट गाउन पहन रखी है। ब्लैक गाउन के साथ एक्ट्रेस ने बालों का स्टाइलिश लुक दिया है। साथ ही सटल मेकअप किया है। अपने इस लुक को डायमंड ज्वेलरी के साथ कंप्लीट किया है।



## नौकरी के लिए इंटरव्यू देने जा रहे हैं तो ड्रेस से दिखें स्मार्ट व आत्मविश्वासी

नौकरी का इंटरव्यू जीवन का एक अहम पड़ाव होता है और इस दौरान आपका पहनावा आपकी पहली छाप तय कर सकता है। सही कपड़े पहनकर आप न केवल पेशेवर दिख सकते हैं, बल्कि आत्मविश्वास को भी बढ़ा सकते हैं। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे फैशन टिप्स देंगे, जो आपको अपने इंटरव्यू के लिए सही कपड़े चुनने में मदद करेंगे। ये टिप्स आपको एक प्रोफेशनल लुक भी देंगे। इनको अपनाकर आप अपने इंटरव्यू में सबसे अच्छे दिखेंगे।

**महिलाएं साड़ी या फॉर्मल पैंटसूट चुनें :** महिलाओं के लिए साड़ी या पैंटसूट, दोनों ही अच्छे विकल्प हो सकते हैं। साड़ी एक पारंपरिक और ऑफिस के लिए उपयुक्त लुक देती है, जबकि पैंटसूट आरामदायक और स्टाइलिश दिखाता है। अगर आप साड़ी चुनती हैं तो हल्के रंग और साधारण डिजाइन वाली साड़ी चुनें, ताकि आपका लुक ज्यादा बनावटी न लगे। पैंटसूट के लिए नेवी ब्लू या ग्रे जैसे गहरे रंगों का चुनाव करें, जिनमें आप एलगेंट, स्मार्ट और पेशेवर नजर आएंगी।



**पुरुष ब्लेजर और फॉर्मल शर्ट का मेल अपनाएं :** पुरुषों के लिए इंटरव्यू में ब्लेजर और फॉर्मल शर्ट पहनना सबसे अच्छा रहता है। नेवी ब्लू या ग्रे ब्लेजर के साथ सफेद या हल्के रंग की शर्ट पहनें। इसके अलावा, टाई पहनना न भूलें, जिससे आपका लुक पूरी तरह पेशेवर लगेगा। पैंट हमेशा साफ-सुथरी और प्रेस की हुई होनी चाहिए। जूते भी फॉर्मल होने चाहिए, जिससे आप पूरे दिन आरामदायक महसूस करें और पेशेवर दिखें। आप ब्लेजर की जगह पर वेस्ट भी पहन सकते हैं।

### साधारण एक्सेसरीज पहनें

इंटरव्यू के लिए साधारण एक्सेसरीज का ही चयन करें, ताकि आपका लुक ज्यादा बनावटी न लगे। महिलाएं छोटी बालियां और एक साधारण नेकलेस पहन सकती हैं, जो बिना ज्यादा ध्यान खींचे उन्हें सुंदर दिखाएगा। पुरुषों के लिए घड़ी पहनना अच्छा रहता है, क्योंकि यह पेशेवर दिखती है और समय की पाबंदी को दर्शाती है। एक्सेसरीज चुनते करते समय ध्यान रखें कि वे आपके कपड़ों के साथ मेल खाती हों और ज्यादा चटख न हों।

### हेयरस्टाइल पर ध्यान दें

हेयरस्टाइल भी आपकी पेशेवर छवि को प्रभावित कर सकती है, इसलिए बालों को सही तरीके से सेट करें। महिलाओं के लिए बालों को खुला रखना या जूड़ा व चोटी बनाना सही रहता है। हालांकि, ध्यान रहे कि बाल उलझे और बिखरे हुए न हों। पुरुषों को अपने बालों को सही तरीके से कटवाकर रखना चाहिए, ताकि वे पेशेवर दिखें। साथ ही उन्हें अपने बालों पर जेल लगाकर उन्हें जगह पर रखना चाहिए और दाढ़ी को भी सेट करवाना चाहिए।

## रक्षाबंधन के दिन पहनें ऐसे शानदार आउटफिट, भाई भी करेंगे जमकर तारीफ

फैशन



अगले माह 9 अगस्त को वह त्योहार मनाया जाएगा, जिसका सभी भाई-बहन सालभर इंतजार करते हैं। हम बात कर रहे हैं रक्षाबंधन की, जो भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है। मान्यताओं के अनुसार, इस दिन भाइयों की कलाई पर राखी का पवित्र धागा बांधने से उनकी आयु लंबी होती है और वे हमेशा स्वस्थ रहते हैं। यह पर्व सभी बहनों के लिए सजने-संवरने का अच्छा मौका होता है। आज के फैशन टिप्स में हम आपको रक्षाबंधन के लिए ऐस आउटफिट बताएंगे जिसे देखकर आपके भाई और भाभी भी जमकर तारीफ करेंगे।

**शार्ट कुर्ती और जींस :** इन दिनों पारंपरिक परिधान के रूप में शार्ट कुर्ती हर महिला का पसंदीदा बना हुआ है। आप रक्षाबंधन के मौके पर बैकलेस शार्ट कुर्ती पहन सकती हैं, जिसके पिछले हिस्से में डोरियां लगी हों। इसके अलावा, आज कल महिलाएं कोर्सेट वाली शार्ट कुर्तियां भी खूब पसंद कर रही हैं, जो कमर को कसने का काम करती हैं। आप अपनी पसंद की प्रिंटेड शार्ट कुर्ती को डेनिम जींस के साथ पेयर करके सबसे सुंदर नजर आएंगी।

**पेंसिल स्कर्ट और ब्लॉउज :** अगर आपको इस रक्षाबंधन पर पूरी तरह पारंपरिक कपड़े पहनने का मन नहीं है तो यह विकल्प आपके लिए ही है। आप पारंपरिक या बोहो प्रिंट वाली पेंसिल स्कर्ट चुन सकती हैं, जिसके एक तरफ छोटा-सा स्लिट हो। इसके साथ स्लीवलेस ब्लॉउज स्टाइल करें, जिसपर कोई सुंदर-सा डिजाइन बना हो। इस तरह के लुक के साथ बड़े झुमके और चोकर वाला हार शानदार लगेगा। पैरों में हील वाली सैंडल या फिर कोल्हापुरी चप्पल स्टाइल करें।

**कुर्ती और लहंगा स्कर्ट :** त्योहारों पर लहंगा तो सभी महिलाएं पहनती हैं, लेकिन आपको अलग दिखने के लिए कुछ हटके पहनना चाहिए। इसके लिए आप अपने लहंगे की स्कर्ट को अलग तरह से स्टाइल कर सकती हैं। इससे आपका लहंगा दोबारा इस्तेमाल भी हो जाएगा और सभी को लगेगा की वह नया है। लहंगे की स्कर्ट के ऊपर कोई सुंदर कढ़ाई वाली कुर्ती पहन लें। अगर कुर्ती पेप्लम, अंगरखा या शर्ट स्टाइल की होगी तो लुक और भी शानदार लगेगा।

**बनारसी साड़ी :** जो महिलाएं शादीशुदा हैं या जिनकी सगाई हो चुकी है वे रक्षाबंधन पर बनारसी साड़ी पहन सकती हैं। ये वाराणसी की पारंपरिक साड़ियां होती हैं, जो सिल्क के कपड़े से बनाई जाती हैं। इस तरह की साड़ी पर मोटा डिजाइनर बॉर्डर होता है और यह बिलकुल शाही लुक प्रदान करती है। बनारसी साड़ी त्योहार के सार को भी व्यक्त करेगी, क्योंकि यह पूरी तरह से पारंपरिक लुक दे सकती है।

## सबसे अलग स्टाइलिश दिखने कॉलेज के लिए लड़कियां ट्राई कर सकती हैं ये पोशाक

कॉलेज का समय न केवल पढ़ाई बल्कि अपनी पहचान बनाने का भी होता है। इस दौरान सही कपड़े चुनना बहुत जरूरी है ताकि आप स्टाइलिश और आरामदायक महसूस करें। यहां हम आपको ऐसे कपड़ों के बारे में बताएंगे, जो न केवल फैशनेबल हैं बल्कि आरामदायक भी हैं। इन कपड़ों को पहनकर आप पूरे दिन आत्मविश्वास से भरी रहेंगी और हर मौके पर सबसे अलग दिखेंगी। इन पोशाकों से आप अपने व्यक्तिगत अंदाज को भी उजागर कर सकती हैं।

**जींस और टॉप का मेल :** जींस और टॉप का मेल हमेशा से ही एक बेहतरीन विकल्प रहा है। आप अपनी पसंदीदा जींस के साथ एक प्लेन या फिर प्रिंटेड टॉप पहन सकती हैं। यह लुक न केवल आरामदायक है बल्कि स्टाइलिश भी दिखता है। अगर आप कुछ अलग करना चाहती हैं तो आप वन शॉल्डर टॉप या फिर हाईनेक टॉप आजमा सकती हैं। इसके साथ आरामदायक जूते पहनकर आप पूरे दिन सहज महसूस करेंगी।



### कुर्ती और लेगिंग्स

अगर आप पारंपरिक लुक पसंद करती हैं तो कुर्ती और लेगिंग्स का मेल आपके लिए अच्छा रहेगा। यह पोशाक न केवल आरामदायक है बल्कि आपको एक खास अंदाज भी देती है। आप अलग-अलग रंगों और डिजाइन की कुर्तियों के साथ मेल खाते या विपरीत रंग की लेगिंग्स पहन सकती हैं। इसके साथ हल्की एक्सेसरीज और बेल्ट पहनकर आप अपने लुक को और भी खास बना सकती हैं। यह लुक कॉलेज के किसी भी अवसर के लिए उपयुक्त है।

### स्कर्ट और टी-शर्ट

स्कर्ट और टी-शर्ट का मेल भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है। आप अपनी पसंदीदा स्कर्ट के साथ एक प्लेन या प्रिंटेड टी-शर्ट पहन सकती हैं। यह लुक न केवल आरामदायक है बल्कि स्टाइलिश भी दिखता है। इसके साथ आरामदायक जूते पहनकर आप पूरे दिन सहज महसूस करेंगी।

## परफ्यूम लगाते समय न करें ऐसी गलतियां जिससे बिगड़ सकता है पूरा लुक

परफ्यूम सिर्फ एक खुशबू नहीं, बल्कि यह आपके व्यक्तित्व को भी दर्शाता है। सही तरीके से परफ्यूम लगाना बहुत जरूरी है ताकि आप दिनभर तरोताजा महसूस करें और आपकी खुशबू भी बरकरार रहे। हालांकि, कई लोग परफ्यूम लगाते समय कुछ छोटी-छोटी गलतियां कर देते हैं, जिनसे उन्हें सही फायदा नहीं मिल पाता है। इस लेख में हम कुछ ऐसी ही गलतियों के बारे में जानेंगे, जिनसे आपको बचना चाहिए ताकि आप परफ्यूम का सही इस्तेमाल कर सकें।

**परफ्यूम को सीधे धूप में रखना :** कई लोग अपने परफ्यूम को सीधे धूप में रखते हैं, जिससे उसकी गुणवत्ता खराब हो सकती है। धूप और गर्मी से परफ्यूम के तत्व बिगड़ जाते हैं और उसकी खुशबू बदल जाती है। इसलिए इसे हमेशा ठंडी, सूखी और अंधेरी जगह पर रखें। इससे आपका परफ्यूम लंबे समय तक सही बना रहेगा और उसकी खुशबू भी बरकरार रहेगी, जिससे आप पूरे दिन तरोताजा महसूस करेंगे।



**कपड़ों पर परफ्यूम छिड़कना :** कपड़ों पर परफ्यूम छिड़कना एक आम गलती है, जिसे कई लोग करते हैं। कपड़ों पर परफ्यूम छिड़कने से वह जल्दी ही धूल-मिट्टी और अन्य तत्वों से गंदे हो जाते हैं और उनकी खुशबू भी खराब हो जाती है। इसके अलावा कपड़ों पर परफ्यूम के दाग भी पड़ सकते हैं। इसलिए हमेशा परफ्यूम को सीधे अपनी त्वचा पर ही लगाएं ताकि उसकी खुशबू लंबे समय तक बनी रहे और आपको किसी तरह की परेशानी न हो।

**ज्यादा परफ्यूम लगाना :** ज्यादा परफ्यूम लगाना भी एक बड़ी गलती हो सकती है। कई लोग सोचते हैं कि ज्यादा परफ्यूम लगाने से उनकी खुशबू ज्यादा देर तक रहेगी, लेकिन ऐसा नहीं होता। ज्यादा परफ्यूम लगाने से कभी-कभी सिरदर्द या एलर्जी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए हमेशा जरूरत भर ही परफ्यूम लगाएं ताकि आपको किसी तरह की परेशानी न हो और आपकी खुशबू भी बनी रहे।

कार्नर न्यूज

घर पर मेहमानों का आना-जाना लगा रहेगा

## त्यौहारों का आ गया सीजन इन टिप्स का पालन करके सजाएं घर, खास बन जाएंगे त्योहार

अगस्त महीना लगने के साथ ही त्यौहारों की शुरूआत हो जाएगी। सबसे पहले रक्षाबंधन का त्यौहार पड़ेगा जिसका सभी भाई-बहन सालभर बेसब्री से इंतजार करते हैं। इसके बाद कई छोटे-बड़े त्यौहार आएंगे जिस दौरान आपके घर पर मेहमानों का भी आना-जाना लगा रहेगा। अगर आप चाहती हैं कि इन जश्न को खास बनाना चाहते हैं तो इन टिप्स को अपनाकर अपने घर की सजावट कर सकती हैं।



### कागज की थालियां टांगें

अगर आपका बजट कम है तो आप कागज की थालियों से भी सजावट कर सकती हैं। इसके लिए सबसे पहले थालियों को अलग-अलग रंगों में पेंट कर लें। अब उनपर सितारे, नग, मोती या अन्य सजावटी चीजें चिपका दें। आप थालियों के कोनों पर गोटा या लेस भी लगा सकती हैं। इन सभी थालियों को अपनी पसंद के अनुसार दीवार पर चिपका दें या धागे की मदद से टांग दें।

### टेबल पर पारंपरिक सजावट करें

रक्षाबंधन के दिन घर पर मेहमान आते हैं, जो टेबल पर बैठकर खाना खाते हैं। इसीलिए जरूरी हो जाता है कि आप अपनी टेबल को भी सजा लें। इसके लिए पारंपरिक प्रिंट वाला दुपट्टा लें और उसे लंबाई में मोड़कर टेबल के बीच में रख दें। इस कपड़े के ऊपर फूलदान, सुगंधित मोमबत्तियां, दीपक और लैंप आदि रख दें। आप चाहें तो इसपर फूलों की लड़ियां भी रख सकती हैं।

### फूलों से दीवार सजाएं

रक्षाबंधन के खास मौके पर आपको उस दीवार की सजावट जरूर करनी चाहिए, जिसके आगे बैठकर आप भाई को राखी बांधेंगी। इसके लिए आप ताजे या नकली फूलों का इस्तेमाल कर सकती हैं। सबसे पहले एक सफेद धागा लें और उसमें अपनी पसंद के फूलों को पिरोना शुरू करें। ऐसी कई लड़ियां तैयार कर लें और उन्हें दीवार पर अपनी पसंद के अनुसार लटका दें। कुछ लड़ियों को दीपक और लैंप आदि के नीचे भी रख दें।



### दीपक और फेरी लाइट लगाएं

जरूरी नहीं कि केवल दिवाली पर ही घर में दीपक जलाए जाएं। आप रक्षाबंधन के त्योहार पर भी दिये जलाकर सजावट कर सकती हैं। घर के प्रवेश द्वार, टेबल और साइड टेबल पर दीपक जलाकर रखें और उन्हें पेंट करके सजा लें। अब दीवारों और मंदिर पर फेरी लाइट लगा दें, जिनके जरिए आपका पूरा घर रोशन हो जाएगा। अगर आप चाहें तो घर के बाहर भी फेरी लाइट लगा सकती हैं।

### सुंदर बैठक या चौकी बनाएं

दीवार की सजावट करने के बाद एक सुंदर बैठक बनाएं, जिसपर बैठकर आप भाई को राखी बांधेंगी। इसके लिए आप जमीन पर गद्दा बिछा सकती हैं और उसपर पारंपरिक प्रिंट वाली चादर चढ़ा सकती हैं। इसके बाद गद्दे पर अलग-अलग रंगों वाली तकिया रखें और दीवार के दोनों तरफ पारदर्शी परदे भी लगा दें। आप गद्दे की जगह पर 2 चौकियां भी रख सकती हैं, जिसे कपड़ों से सजाया जा सकता है।